संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 13 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 160 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



देश में फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23% रही थी।

## एमएसपी पर फिर ठनीः हरियाणा में जम्मू-दिल्ली नेशनल हाईवे पर किसानों का 'कब्जा'

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
**हरियाणा के** कुरुक्षेत्र में किसानों और सरकार में बातचीत विफल होने के बाद उन्होंने जम्मू-दिल्ली नेशनल हाईवे-44 पर पिपली के पास जाम लगा दिया है। किसान फ्लाईओवर और सर्विस रोड बंद कर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने जाम के चलते वाहनों के रूट डायवर्ट किए। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा-''पीपली अनाज मंडी में एमएसपी महापंचायत में फैसला लिया गया की हम अपनी मांगे माने जाने तक हाईवे को बंद रखेंगे। अतः सभी प्रदेशों की इकाई अग्रिम सूचना तक कुरूक्षेत्र पर नजर बनाए रखें और अगले आदेश का इंतजार करें,सरकार की यह दमनकारी नीति देश का अन्नदाता बर्दाश्त नहीं करेगा। इससे पहले किसान नेताओं ने कहा कि 2 बार प्रशासन से बातचीत हुई है। उन्होंने सीएम से करनाल में बात करने का भरोसा दिया लेकिन फिर कहा कि वे चले गए हैं। इससे साफ है कि सरकार पूरे मामले को लेकर गंभीर नहीं है।



**बातचीत विफल**

= ''पीपली अनाज मंडी में एमएसपी महापंचायत में फैसला लिया गया की हम अपनी मांगे माने जाने तक हाईवे को बंद रखेंगे

इसलिए लाठी-डंडे पड़ें या जेल भेजें, अब हाईवे जाम किया जाएगा। किसानों की सूरजमुखी को लेकर 'एमएसपी दिलाओ-किसान बचाओ रैली' हुई। इसमें हरियाणा के अलावा राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और यूपी से हजारों की संख्या में किसान पहुंचे। किसान सूरजमुखी पर टरढ और किसान नेता गुरनाम चढूनी व दूसरे नेताओं की रिहाई की मांग कर रहे हैं।

**ये पूरा विवाद क्या है?...:** हरियाणा सरकार ने ऐलान किया था कि वह सूरजमुखी को भावांतर योजना के तहत खरीद करेगी। जिसमें मार्केट रेट पर खरीद में हुए नुकसान की भरपाई सरकार करती है।

## गुजरातः 26/11 जैसे अटैक की साजिश नाकाम, 5 गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**गुजरात** एटीएस ने पोरबंदर से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस खुरासान मॉड्यूल के 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। एटीएस ने बताया कि ये आतंकवादी गुजरात में 26/11 (मुंबई) हमले जैसी वारदात को अंजाम देना चाहते थे। पकड़े गए आतंकवादियों में 4 श्रीनगर के हैं। ये 10वीं-12वीं कक्षा तक ही पढ़े हैं। महिला आतंकवादी सूरत से अरेस्ट की गई। आतंकी मॉड्यूल से जुड़ने के बाद उन्हें क्लाउड के इस्तेमाल, बिना सिम मोबाइल के इस्तेमाल जैसी ट्रेनिंग दी गई थी। महिला आतंकवादी सुमेराबानू ने बताया कि उसे सूरत कोर्ट में आत्मघाती हमला करने का फरमान मिला था। उसने कहा- मैंने सूरत की अदालत में हमले की तैयारी शुरू की थी।

## भारत से ज्यादा तेजी से एटमी हथियार बना रहे चीन-पाक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चीन** और पाकिस्तान ने भारत के मुकाबले तेजी से अपने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाई है। ये दावा स्वीडन के थिंक टैंक ने किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले कुछ सालों में चीन ने अपने हथियारों के जखीरे में 60 तो पाकिस्तान ने 5 परमाणु हथियार जोड़े हैं। जबकि भारत ने 4 नए परमाणु हथियार डेवलप किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ एशिया ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में ऑपरेशनल परमाणु हथियारों का जखीरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मानवता सबसे खतरनाक दौर से गुजर रही है। दुनिया में अब 12,512 परमाणु हथियार हैं। इनमें से 9576 ऐसे हैं जो हमले के लिए तैयार है। पिछली साल के मुकाबले इस साल 86 परमाणु हथियार बढ़े हैं। पूरी दुनिया में चीन ने अपने परमाणु हथियारों का जखीरा तेजी से बढ़ाया है।

## ट्रेनी नर्स की हत्याः पेंचकस से आंखें फोड़ दी



**तेलंगाना:** तेलंगाना में एक 19 साल की ट्रेनी नर्स की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने उसकी आंखें पेचकस से फोड़ दी। फिर ब्लेड से गला काट दिया। रविवार को नर्स का शव तालाब में तैरता मिला। घटना विकाराबाद जिले के कालापुर गांव में हुई। मृतक नर्स की पहचान जट्टू शिरिषा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नर्स 10 जून की रात 11 बजे घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। इंटर की पढ़ाई करने वाली शिरीषा ने हाल ही में एक पैरामेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया था।

नर्स का जीजा के साथ झगड़ा हुआ था: इस मामले को लेकर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। परिगी के डीएसपी करुणासागर पूरे केस की जांच कर रहे हैं।

## अमृतसर जेल में आधी रात ड्रोन घुसने से हड़कंप



**अमृतसर:** पंजाब के अमृतसर केंद्रीय जेल में बीती रात रविवार ड्रोन आने से अफरा-तफरी फैल गई। ड्रोन की आवाज से ही सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) व पंजाब पुलिस अलर्ट हो गई। रात के समय सर्च के बाद जेल में गिरा ड्रोन रिकवर कर लिया गया, लेकिन यह एक खिलौना ड्रोन था, जो पास के ही एक घर से उड़ाया गया था। मिली जानकारी के अनुसार अमृतसर केंद्रीय जेल में रात सीआरपीएफ और पंजाब पुलिस के जवान गश्त पर थे। उसी दौरान उन्हें ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जेल में पहले से ही मोबाइल व नशा बड़ा सिरदर्द बना हुआ है और बीते दिनों अमृतसर जेल पर हमले का अलर्ट भी जारी किया गया है।

# 'काशी में भारत की विविध विरासत का सार'

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**वाराणसी** में जी-20 सम्मेलन के दूसरे दिन सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी भी वर्चुअली जुड़े। उन्होंने 20 देशों से आए 200 से ज्यादा विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। पीएम ने अपने भाषण में एक तरफ जहां काशी की स्पिरिट का जिक्र किया। वहीं, दुनिया के दक्षिणी देश यानी ग्लोबल साउथ के बीच जियो पॉलिटिकल टेंशन की वजह से बढ़ते तनाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि तनाव की स्थिति से मानवता का नुकसान है। ऐसे में हमें इससे पार पाना है। पीएम ने कहा, ''काशी की स्पिरिट टाइमलेस काम करने की ऊर्जा देती है। इसमें भारत की विविध विरासत का सार है। यह देश के सभी हिस्सों के लोगों के लिए कनवर्जन प्वाइंट की तरह काम करता है। दुनिया का सबसे प्राचीन जिंदा शहर वाराणसी डेमोक्रेसी का जन्मदाता है। काशी ज्ञान का केंद्र है। डिस्कशन, डिबेट, कल्चर और आध्यात्मिकता सब कुछ यहां सैकड़ों साल से हैं।'' उन्होंने आगे कहा, ''मैं काशी का सांसद हूं, इसलिए ऐसा नहीं कह रहा हूं। काशी की गंगा आरती, सारनाथ प्रेरित करते हैं।'' पीएम मोदी ने वर्चुअली जी-20 को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जियो पॉलिटिकल टेंशन की वजह से ग्लोबल साउथ के देशों के बीच तनाव बढ़ा है। हमें इससे पार पाना है।

**''हम साथ काम करें, कोई भी देश पीछे न रहे'':** पीएम मोदी ने 200 से ज्यादा विदेशी डेलिगेट्स से कहा, ''विकास को बनाए रखना हमारा सामूहिक जिम्मेदारी है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए हम एक साथ काम करें। कोई भी देश पीछे न रहे। दुनिया को मजबूत संदेश देना होगा कि हमारे पास एक बड़ा एक्शन प्लान है। हमें निवेश बढ़ाना होगा। लक्ष्यों को पाने के लिए एक साथ आना होगा। भारत अपने एक्सपीरियंस साझा करेगा। हमारे प्रयास व्यापक, समावेशी, निष्पक्ष और सस्टेनेबल होने चाहिए।''

**''भारत में डिजिटलीकरण में एक क्रांतिकारी परिवर्तन'':** पीएम ने कहा, ''डिजिटलीकरण की दुनिया में भारत एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। जहां तकनीक का इस्तेमाल लोगों को सशक्त बनाने में किया जा रहा है। यही नहीं, हम भारत में नदियों और पेड़ों का सम्मान और पूजा करते हैं।'' पीएम ने विदेशी डेलिगेट्स को बताया कि भारत में हमने 100 से ज्यादा आकांक्षी जिलों को चुना है। ये विकासशील जिले थे।



### 100 साल के विकास की दिशा-दशा पर मंथन

**वाराणसी** को सोमवार को डेलीगेट्स के साथ पंडित दीन दयाल हस्तकला संकुल में डेवलपमेंट मिनिस्टर्स के बीच बहुपक्षीय और द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसमें 100 साल के विकास की दिशा-दशा पर मंथन करेंगे। इस सम्मेलन में लिए गए फैसले को सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल शिखर सम्मेलन में रखा जाएगा। इस सम्मेलन में फाइनेंशियल क्राइसिस, डेब्ट क्राइसिस, क्लाइमेट चेंज, बढ़ती गरीबी-असमानता, फूड सिक्योरिटी एंड एनर्जी कंजर्वेशन, महामारी, आतंकवाद, ग्लोबल सप्लाई चेन में बाधा, जियो पॉलिटिकल डिस्प्यूट जैसे मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। सोमवार को सम्मेलन की शुरुआत में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जी20 के वादे गिनाए। उन्होंने कहा कि 2030 तक के एजेंडा में निर्धारित लक्ष्यों को कैसे पाया जाए। इसके बारे में बताया।

**सस्टनेबल**

= ''विकास को बनाए रखना हमारा सामूहिक जिम्मेदारी है। सस्टनेबल डेवलपमेंट के लिए हम एक साथ काम करें''



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर विधानसभा क्षेत्र करनाल दौरे के दूसरे दिन वार्ड नंबर 17 के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही वार्ड वासियों से संवाद कर सरकार के कार्यों पर उनसे फीडबैक लिया।

## तमिलनाडु में आर्मी जवान की पत्नी के साथ छेड़छाड़


**चेन्नईः** तमिलनाडु में आर्मी के जवान की पत्नी के साथ छेड़छाड़-मारपीट का एक मामला सामने आया था। मामले में जवान ने एक वीडियो बनाया था, जिसमें वह स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहा है। ये वीडियो सेना के ही एक रिटायर्ड अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एन त्यागराजन ने पोस्ट किया था। पीड़ित जवान तमिलनाडु के पदवेदु गांव का रहने वाला है। उनका नाम हवलदार प्रभाकरन है और वह फिलहाल कश्मीर में तैनात हैं। वीडियो में सेना के जवान ने कहा, मेरी पत्नी तमिलनाडु के पदवेदु गांव में लीज पर दुकान चलाती है। काफी समय से कुछ लोग उसे परेशान कर रहे हैं। बदमाशों ने दुकान का सामान बाहर फेंक दिया।

## बंगाल पंचायत चुनाव की तारीख बढ़ाई जाएः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकत्ता**
**कलकत्ता** हाईकोर्ट ने सोमवार को बंगाल पंचायत चुनाव के लिए मतदान 8 जुलाई के बजाय 14 जुलाई को कराने का प्रस्ताव दिया है। कोर्ट ने नामांकन दाखिल करने की तारीख 15 जून से बढ़ाकर 18 जून और नामांकन वापस लेने की तारीख 26 के बजाय 27 जून करने का सुझाव दिया। इस पर राज्य चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि नामांकन की तारीख बढ़ाना सही नहीं है। इसे ज्यादा से ज्यादा 15 जून से बढ़ाकर 16 जून तक किया जा सकता है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट में कहा- नामांकन की तारीख बढ़ाना सही नहीं है। उन्होंने इसे समझाने के लिए स्कूल में एक बच्चे के एडमिशन कराने की प्रोसेस का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा- मान लीजिए मैं अपने बच्चे का स्कूल में एडमिशन कराने जा रहा है। मुझे पता है कि इसके लिए किन दस्तावेजों की जरूरत होती है। इसके लिए मैं अतिरिक्त समय का दावा नहीं कर सकता।



## बिपरजॉय तूफान से मुंबई में हाई अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई** तूफान बिपरजॉय खतरनाक हो रहा है। पहले यह पाकिस्तान की ओर जा रहा था, लेकिन अब वह गुजरात की ओर बढ़ रहा है। तूफान पोरबंदर से फिलहाल दक्षिण-पश्चिम में 310 किलोमीटर दूर है। इसके 14-15 जून को गुजरात के तटीय इलाकों से टकराने की आशंका है। इस दौरान 150 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। तूफान के रूट बदलने के बाद एनडीआरएफ की टीम ने गुजरात के तटीय इलाकों से लोगों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने सौराष्ट्र, कच्छ समेत 10 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा मुंबई को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। 16 जून को राजस्थान में आंधी-बारिश होने की आशंका है।

# कोविन का डेटा लीक हुआः टीएमसी नेता

### कोरोना वैक्सीनेशन के समय लोगों की डिटेल अपलोड हुई थी; सरकार ने कहा- जांच करा रहे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोविड**-19 वैक्सीनेशन के लिए कोविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाता है, जिसमें व्यक्ति को निजी जानकारियां भी फीड करनी होती हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता साकेत गोखले ने दावा किया है कि केंद्र सरकार के वेब पोर्टल कोविन का डेटा लीक हुआ है। इनमें आम लोगों के अलावा बड़े नेताओं, अफसरों और पत्रकारों के भी नाम शामिल हैं। गोखले ने दावा साबित करने लिए अपने ट्विटर हैंडल पर कई स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं। इनमें लोगों के नाम-पता, मोबाइल, आधार, वोटर आईडी समेत उनके परिवार की जानकारियां शामिल हैं। हालांकि गोखले के दावे पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कहना है कि यह पुराना डेटा है। फिर भी हमने इसे संज्ञान में लिया है। फिलहाल हम इसकी जांच करवा रहे हैं कि यह डेटा कोविन पोर्टल का है या किसी और सोर्स के जरिए आ रहा है। हमने इस बारे में पोर्टल के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। राजनीतिक हस्तियों समेत पत्रकारों का भी डेटा लीकः ट्विटर थ्रेड में गोखले ने यह भी दावा किया कि कोविन पोर्टल के जरिए जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनमें राज्यसभा सांसद और टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल का भी नाम शामिल है।




**दावा**

= केंद्र के वेब पोर्टल कोविन का डेटा लीक हुआ है। आम लोगों के अलावा बड़े नेताओं, अफसरों और पत्रकारों के भी नाम शामिल हैं

## बेंगलुरु के मार्केट में नीदरलैंड के यूट्यूबर से बदतमीजी

**बेंगलुरुः** बेंगलुरु के चिकपेटे मार्केट में नीदरलैंड के एक यूट्यूबर से बदतमीजी का मामला सामने आया है। यूट्यूबर मार्केट में वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। इस दौरान एक दुकानदार ने जबरदस्ती उसका हाथ पकड़ लिया। यूट्यूबर ने हाथ छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपी दुकानदार ने उसे धक्का भी दिया। यूट्यूबर प्रेडो मोटा ने इस घटना का वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नवाब हयात शरीफ मार्केट में ही दुकान लगाता है।

**लक्ष्य निर्धारित**

### धन बल से जनादेश को कुचला, अफसोस ऐसे कुछ नेता हमारे भी थे; पांच काम की गारंटी भी दी

# प्रियंका गांधी ने मध्य प्रदेश में किया चुनावी शंखनाद

**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**
**कर्नाटक में** जीत के बाद कांग्रेस ने अब मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार को जबलपुर पहुंचीं। यहां उन्होंने ग्वारीघाट पर 101 ब्राह्मणों के साथ करीब 20 मिनट तक मां नर्मदा की पूजा-आरती की। इसके बाद सभा में कहा, 'आपके साथ पिछले 18 साल से गलत हो रहा है। आपका इस्तेमाल हो रहा है। आपका शोषण हो रहा है। धन बल से जनादेश को कुचला जाता है।' प्रियंका ने मध्यप्रदेश में सरकार बदलने पर कहा- पिछली बार आपने हमारी सरकार बनाई थी, लेकिन जोड़-तोड़ और पैसे से भाजपा के लोगों ने हमारी सरकार तोड़ी और अपनी बना ली। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा- अफसोस कि ऐसे कुछ नेता हमारे भी ऐसे थे, जो पार्टी छोड़कर चले गए। उनको पैसा मिला।



**भ्रष्टाचार, घोटाले और महंगाई के मुद्दे गिनाएः** प्रियंका ने जन सभा में भ्रष्टाचार, घोटाले और महंगाई के मुद्दे भी उठाए। बोलीं- 'इन्होंने महाकाल को भी नहीं छोड़ा। वहां हवा में मूर्तियां उखड़कर गिर गईं। एक पुजारी ने मुझे वीडियो भेजा। वह कह रहे हैं, हवा से मूर्तियां उड़ रही हैं। 225 महीनों की सरकार में इन्होंने 220 घोटाले किए हैं। यानी तकरीबन हर महीने एक नया घोटाला किया है। मैं आपसे वोट मांगने नहीं आई हूं, मैं आपसे जागरूकता मांगने आई हूं। आपके पास 6 महीने हैं। इन 6 महीनों में देखिए, कांग्रेस की सरकारें अपने प्रदेश में क्या कर रही हैं? अपना वोट अपने लिए डालिए।' प्रियंका ने अपनी स्पीच की शुरूआत मां नर्मदा के जयकारे से की। ग्वारीघाट पर आरती में कमलनाथ के अलावा राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा (प्रियंका के राइट) भी शामिल हुए। पूजा के दौरान एक कार्यकर्ता हनुमान जी के कॉस्ट्यूम में दिखा। प्रियंका ने कहा- आज मैं कुछ गारंटी दे रही हूं। वे गारंटी, जो हम 100 प्रतिशत पूरा करेंगे। यह मेरा वादा है। ये गारंटी हैं, घोषणा नहीं।

## डब्ल्यूएफआई के चुनाव 4 जुलाई को होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय** कुश्ती संघ के चुनाव 4 जुलाई को होंगे। फेडरेशन ने सोमवार को इसका ऐलान किया। पहलवानों से मीटिंग में खेल मंत्री ने 30 जून तक चुनाव कराने का भरोसा दिया था। बृजभूषण शरण सिंह यह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। वे लगातार तीन बार अध्यक्ष रहे, इसलिए फेडरेशन के नियमों के अनुसार वे किसी भी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं।

**1 कोच और 2 रेफरी को हटाया गयाः** एशियन चैंपियनशिप से एक कोच और 2 रेफरी को हटाने की खबर है। हटाए गए रेफरियों में से एक जगबीर सिंह ने बृजभूषण के खिलाफ बयान दिए थे। अंडर-23 और अंडर-17 कैटेगरी में एशियन चैंपियनशिप का आयोजन 10 से 18 जून तक कजाकिस्तान में होना है। रिपोर्ट्स के अनुसार जसबीर सिंह के अलावा अंडर-17 टीम के कोच राजीव तोमर और रेफरी वीरेंद्र मलिक को भी एशियन चैंपियनशिप में नहीं भेजने का फैसला किया गया है। जगबीर के बयान को सरकार के खिलाफ माना गया। इसी तरह वीरेंद्र मलिक और राजीव दोनों बृजभूषण के करीबी हैं। इस कारण उनका नाम भी हटाया गया है। वीरेंद्र को 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान ग्लासगो में यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार तक किया गया था। इंटरनेशनल रेफरी जगबीर सिंह ने दिल्ली पुलिस को दिए बयान में कहा कि इवेंट में बृजभूषण पहलवानों को छू रहे थे। महिला रेसलर असहज नजर आ रही थी।



**तारीख तय**

= चैंपियनशिप से एक कोच और 2 रेफरी को हटाने की खबर है। रेफरियों में से जगबीर ने बृजभूषण के खिलाफ बयान दिए थे

# वॉर हीरोज स्टेडियम के घोटाले को लेकर चित्रा सरवारा ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

## आया कि स्टेडियम के ढांचे की गुणवत्ता का निरीक्षण नक्शा बनने पर एनआईटी कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया था

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला छावनी के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम की तकनीकी और बुनियादी सुरक्षा और बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के उसे चालू करने पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने अतिरिक्त उपायुक्त अम्बाला डॉ विवेक भारती के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर,मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर व खेल मंत्री हरियाणा सरकार को पत्राचार के माध्यम से सवाल कर स्टेडियम की जांच और फिटनेस सर्टिफिकेट को सार्वजनिक करने की मांग की है। मांग करते हुए चित्रा ने चेताया कि अगर असुरक्षित स्टेडियम में बच्चे,खिलाड़ी



और जनता को बुलाया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना कभी भी हो सकती है। सरकार तय करे अगर इस अधूरे स्टेडियम में खेलते हुए कोई दुर्घटना हुई तो उसकी जिम्मेवारी किसकी होगी? चित्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि 117 करोड़ में से लगभग 66 करोड़ का गबन हुआ है। अर्थिक अनियमितताओं से अलग सबसे चिंताजनक इल्जाम जो प्रोजेक्ट पर उठे वो हैं कि स्टेडियम में आर्किटेक्ट-इंजीनियर द्वारा निर्धारित सामग्री से कम समान लगा है। इंजीनियर की ड्राइंग और टेन्डर के हिसाब से स्टेडियम में 33 हजार टन लोहा लगना था और कथित माल की खरीद और जांच में पाया गया है
कि मात्र 13 हजार टन ही लगा है।

जरूरत से 20 हजार टन कम लोहे की बनी इमारत कितनी सुदृढ़ और सुरक्षित है, कब तक सुदृढ़ और सुरक्षित है, ये आज बहुत बड़ा और गंभीर सवाल है जिस पर यहां आने वाले खिलाडियों और दर्शकों की जान अटकी है। चित्रा ने कहा यह बात 22 फरवरी 2023 तारीख को डाली गई एक आरटीआई से जाहिर हुई जिसमें सवाल पूछा गया था कि स्टेडियम से संबंधित आईआईटी की रिपोर्ट कहाँ है।

जवाब आया कि स्टेडियम के ढांचे की गुणवत्ता का निरीक्षण नक्शा बनने पर एनआईटी कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया था, यानी काम शुरू करने से पहले। इमारत बनने के बाद,घोटाला उजागर होने के बाद,एनआईटी कुरूक्षेत्र की कोई रिपोर्ट नहीं। ना ही कोई रिपोर्ट आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों से ली गई है,जैसा की सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था। पंजाब यूनिवर्सिटी को इस रिपोर्ट के लिए गुजारिश भेजी गई है लेकिन इसके आगे कोई स्पष्टीकरण नहीं। इस जवाब से यही निष्कर्ष निकालता है कि बड़े-बड़े प्रतिष्ठित कॉलेज विशेषज्ञों द्वारा जांच का दिलासा मात्र लोगों की आँखों में धूल झोंकने का काम था। सरकार ना घोटाला करने वालों को पकड़ने में इच्छुक है और ना ही जनता की सुरक्षा के लिए गंभीर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजपाल राजा,पूर्व पार्षद वरिष्ठ नेता सुरेश त्रेहन,वीरेंदर गांधी,गगन डांग, अविनाश,विजय गुम्बर,मलकियत सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# मकान का ताला तोड़कर चोरों ने ज्वैलरी एवं कपड़ों पर हाथ साफ किया

**▶▶ राजीव जैन ने ओल्ड कोर्ट चौकी में फोन करके तेजी से कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**पुराना** शहर के धोबी वाड़ा मोहल्ले में बीती रात बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने ज्वेलरी एवं कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पर्चा दर्ज करके सीसीटीवी खंगाले जिसमें चोर सामान ले जाते एवं आते दिखाई दे रहे हैं। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता पंडित अमित शौनक एवं सुरेश कथुरिया के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को पीड़ित गौरव ने बताया कि हम दो भाई यहां पर रहते थे जिसमें से एक ने गुड़गांव शिफ्ट कर लिया है और मैं रेलवे कॉलोनी में अलाट क्वार्टर में रहने के लिए चला गया हूं। हम दोनों भाई धीरे-धीरे अपना सामान शिफ्ट करने में लगे हुए थे, इसलिए मकान का ताला बंद था। राजीव जैन ने देखा कि चोरों ने तसल्ली से एक-एक सामान खोला और कीमती सामान को साथ ले गए। गौरव ने बताया कि ज्वेलरी में दो चैन, अंगूठी, पायल, साड़ियां एवं कपड़े चुरा कर ले गए हैं जिनकी कीमत लाखों रुपए है। राजीव जैन ने ओल्ड कोर्ट चौकी में फोन करके तेजी से कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए।

# अर्जुन यादव ने बहादुरी में फिर से लहराया परचम

**▶▶ अर्जुन यादव निवासी ने ओवर ऑल बेस्ट और बेस्ट आउटडोर में प्रथम स्थान हासिल किया है**

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल**

**आईटीबीपी** ट्रेनिंग कैंप के दौरान अर्जुन यादव पुत्र मुंशी राम यादव सीहमा निवासी ने ओवर ऑल बेस्ट और बेस्ट आउटडोर में प्रथम स्थान हासिल किया है । इस उपलब्धि का श्रेय अर्जुन ने अपने दादा जगमाल यादव व पिता मुंशी राम यादव तथा सीआईएसएफ को दिया। आज उनके सफल परीक्षण उपरांत आईटीबीपी के कार्यक्रम में दादा,पिता व माता ने स्टार लगाकर उज्जवल भविष्य का



आशीर्वाद दिया। इसकी उपलब्धि पर बधाई देने वालों में देवेंद्र पंच, करण सिंह, अनिल कुमार, अजीत कुमार,श्याम सुंदर ,खेमचंद शर्मा ,हेमंत कृष्ण एडवोकेट सीहमा, सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव सहित काफी लोग थे।

# जीएमडीए ने गुरुग्राम के 14 अंडरपासों में मॉक ड्रिल पूरी की

**गुरुग्राम।** जीएमडीए ने गुरुग्राम शहर के 14 अंडरपासों में मौजूदा ड्रेनेज नेटवर्क और पंपिंग मशीनरी की प्रभावकारिता की जांच के लिए मॉक ड्रिल पूरी कर ली है। जीएमडीए द्वारा सुरक्षित मानसून सुनिश्चित करने के लिए चल रही पहल के हिस्से के रूप में एनएचएआई और डीएलएफ के समन्वय में ये मॉक ड्रिल किए गए किए गए हैं। इन अंडरपास में पम्पिंग मशीनरी पूरी तरह से काम करने की स्थिति में पाई गई और आगे के रखरखाव या मरम्मत कार्य की किसी भी आवश्यकता को संबंधित टीमों को निर्देशित किया गया है। मॉक ड्रिल राजीव चौक और मेदांता अंडरपास में की गई। ड्रिल के दौरान सभी डीजी सेटों की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। मेट्रो यू-टर्न अंडरपास, सिकंदरपुर, डीएलएफ फेज-1, जेनपैक्ट, अतुल कटारिया चौक, महावीर चौक और हुडा सिटी सेंटर शामिल हैं।

# आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर दिया सांकेतिक धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

भाजपा-जजपा सरकार से नाराज आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर सीएचसी पर सांकेतिक धरना दिया। पांच सालों से लगातार महंगाई व काम का बोझ बढ़ने के बावजूद आशा वर्कर के मानदेय में सरकार ने एक पैसे की भी बढ़ोतरी नही की है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मेडिकल ऑफिसर को देते हुए यूनियन ने दो टूक कहा कि समस्याओं का समाधान न होने पर 10 जुलाई को सिविल सर्जन कार्यलय अम्बाला पर प्रदर्शन किया जाएगा। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा सम्बद्ध सीआईटीयू (सीटू) के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर सीएचसी शहजादपुर में आने वाली सभी पीएचसी की आशा वर्कर्स ने एसएमओ कार्यलय पर सुषमा व कृष्णा रानी की अध्यक्षता में सुबह



10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया ओर जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे मांग पत्र बारे आशा वर्कर की नेता रजनी व तृप्ता ने कहा कि ज्ञापन में आशा वर्कर का न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने। पीएफ व ईएसआई की सुविधा देने। रिटायरमेंट उम्र 65 साल कर पेंशन व अन्य लाभों की व्यवस्था करने। काटे गए इंसेंटिव का भुगतान करने। अनुभव व योग्यता के आधार पर प्रमोशन करने। सब सेंटर पर वर्कर के बैठने तथा सामान रखने की व्यवस्था करने। आशा वर्कर को पीएचसी पर मीटिंग में जाने व मरीज के साथ जाने पर टीए/डीए का भुगतान करने। वर्दी भत्ता 2 हजार रुपए सालाना देने। फेसलिलेटर के इंसेंटिव में बढ़ोतरी करने। आन लाइन काम करने का दवाब न बनाने तथा वर्कर्स के आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग शामिल है। सीटू नेता सतीश सेठी व बाबू राम ने कहा कि आशा वर्कर को मात्र 4 हजार रुपए मानदेय मिलता है। मुख्यमंत्री ने मानदेय में 7 हजार रुपये की और बढ़ोतरी करने का एलान किया था। परंतु वह आज तक लागू नही किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोनकाल में आशा वर्कर के काम की सराहना करते हुए ग्लोबल हेल्थ लीडर का अवार्ड दिया था। इस पर केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार का नेतिक फर्ज बनता था कि वह इन कोरोना योद्धा आशा वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर या न्यूनतम वेतन लागू कर उनके काम का ईनाम देती। परंतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा के राज में बेटियों को अपने हकों व आत्मसम्मान की रक्षा के लिए सड़कों पर आकर सँघर्ष करना पड़ रहा है।

# महापंचायत में अनिश्चित काल के लिए हाइवे जाम करने का लिया निर्णय

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**

पूर्व घोषणा अनुसार किसान संगठनों की जत्थे बंदियों ने आज पिपली की अनाज मंडी में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर एमएसपी बचाओ, किसान बचाओ के नाम से महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों से हजारों किसान हाथों में किसान यूनियन के झंडे लेकर कर शामिल हुए। महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार किसानों को डराने की कोशिश ना करें बल्कि किसानों द्वारा मांगी गई एमएसपी को देकर किसानों का सम्मान करे। महापंचायत को संबोधित करते हुए किसान संगठनों के नेताओं ने हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार की कार्यशैली के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली। सभी वक्ताओं ने केंद्र और



राज्य सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए मांग की है कि जेल में बंद किसानों को तुरंत रिहा किया जाए और सूरजमुखी पर एमएसपी दी जाए। किसान नेताओं ने सरकार को ललकारते हुए कहा कि शाहबाद में सरकार ने किसानों पर लाठीचार्ज करवा कर बहुत गलत किया है जिसका खामियाजा भविष्य में हरियाणा सरकार को भुगतना पड़ेगा। महापंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि हिंदुस्तान के किसान सरकार द्वारा किसानों पर बर्बरता पूर्वक करवाए गए लाठीचार्ज का बदला अवश्य लेंगे। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि

**▶▶ महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार किसानों को डराने की कोशिश ना करें**

प्रशासन ने किसानों को गुमराह किया है ।महापंचायत में हजारों की संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के द्वारा आए हुए थे। महापंचायत की अध्यक्षता कर रहे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप के किसान नेता कर्म सिंह मथाना ने महापंचायत में लिए गए निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि जब तक सरकार एमएसपी नहीं देती तब तक अनिश्चित काल के लिए नेशनल हाईवे जाम रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी व अन्य किसान नेताओं की रिहाई के लिए और सूरजमुखी पर एमएसपी लेने के लिए नेशनल हाईवे को तब तक जाम रखेंगे जब तक सरकार किसानों की मांग को नहीं मान लेती ,भले ही इसके लिए हमने सिर धड़ की बाजी क्यों न लगानी पड़े। आज की महापंचायत में किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर था।अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया ने महापंचायत में उपस्थित होकर संघर्ष कर रहे पहलवानों की तरफ से किसानों के आंदोलन को पुरजोर समर्थन देने की घोषणा की और कहा कि हमें दुख होता है जब किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर बैठे हैं और सरकार बर्बरता पूर्वक किसानों के ऊपर लाठी बरसवा रही है। हाईवे जाम करते हुए किसान अपने नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। सभी किसान जो महापंचायत में आए थे वह एक ही बात कह रहे थे कि सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है, जुलम कर रही है इसे ज्यादा देर तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

विरोध प्रदर्शन 6 वे दिन में प्रवेश कर गया । एस ई अंबाला ऑपरेशन आपकी जायज मांग ऑफिस में दो - दो जे ई के जो रिक्त पद पड़े है। उन्हें न भरने काम कर रहे। एक तरफ हरियाणा सरकार ने (ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी ) बनाई। और हरियाणा सरकार इससे इंप्लीमेंट करना में जोर दे देती है दूसरी और एस ई ऑपरेशन अंबाला सरकार और निगम मैनेजमेंट ( एम डी साहब साकेत कुमार ) के ऑडरों अवेलना कर रहे । ऐसा क्या दबाव या लालच एस ई ऑपरेशन अंबाला पर है की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी जिसमे जे ई का ट्रांसफर एक सब डिवीजन से दूसरी सब डिवीजन में हुआ है। उनको इंप्लीमेंट नही करा रहे । गर्मी का सीजन ( पिक लोड) अपने चरम पर है। यूनियन के निर्देश पर कर्मचारी विरोध प्रदर्शन के साथ साथ बिजली की व्यवस्था को सुजारू रूप से चला रहे है । ताकि आम जनमानस को बिजली इस भीषण गर्मी में समय पर मिल सके । लेकिन ये एस ई ऑपरेशन अंबाला फिर भी यूनियन की जायज मांगों को नहीं मान रहा । इसलिए संगठन ने मजबूर हो कर ये फैसला लिया है की 15/06/2023 से 2 घंटे का वर्क सस्पेंड किया जाएगा । जिसमे किसी भी वी आई पी प्रोग्राम की भी बिजली की व्यवस्था नहीं की जाएगी। अगर निकट भविष्य में कोई उद्योगिक अशांति होती है तो इसकी पूर्ण जिमेदारी एस ई अंबाला और उच्च अधिकारियों की होगी। कल भी 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन है । सफल विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट कैशियर परमोद ने की।

# पानीपत में व्यापारी सम्मेलन होगा 13 जून को: मेघराज



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं व्यापारी मेघराज गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर करनाल लोकसभा क्षेत्र के व्यापारियों का व्यापारी सम्मेलन 13 जून को पानीपत के सेक्टर 24 स्थित अग्रवाल भवन में होगा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल शिरकत करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, सांसद संजय भाटिया, पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा व शहरी विधायक प्रमोद विज व्यापारियों को संबोधित करेंगे। व्यापारी सम्मेलन के आयोजक मेघराज गुप्ता ने गोहाना रोड स्थित गणपती मार्केट में व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। गुप्ता ने बताया कि पानीपत शहर के सभी व्यापारिक संगठनों के पास जाकर व्यापारी सम्मेलन में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में व्यापारी भाजपा सांसदों के समक्ष व्यापार को लेकर आ रही परेशानी व मागों को रखेगे ताकि सरकार द्वारा उनका समाधान करवाकर व्यापार को बढ़ाया जा सके। वहीं मेघराज गुप्ता ने बताया कि गणपति हैंडलूम एसोसिएशन के प्रधान राज कुमार गर्ग, गोहाना रोड एसोसिएशन के उपप्रधान सुरेश सैनी, किशनपुरा एसोसिएशन के सतीश सहगल, रेलवे रोड एसोसिएशन के अनिल मदान, संयुक्त व्यापार मंडल के दर्शन लाल वधवा, जवाहर मार्केट के विपिन चुघ, पचरंगा बाजार एसोसिएशन के काकू बंसल व असंध रोड के हरीश बंसल आदि एसोसिएशनों को सम्मेलन का निमंत्रण दिया गया है। इस अवसर पर मेघराज गुप्ता के साथ श्रीपाल सिंगला, संजय गोयल, सतीश सहगल, गोपाल तायल, संदीप गर्ग, राजेश शर्मा, महेश नारंग, बॉबी जैन व सुशील गर्ग आदि साथ रहे।

# नूनी सलूनी में योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**

हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज गांव नूनी सलूनी में योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर का आयोजन कर योगासन करवाया। योग शिक्षिका रीना कुमारी ने सभी साधकों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग से मानसिक व शारीरिक विकास होता है और अगर मनुष्य नियमित योगाभ्यास



करता है तो अनेक बीमारियों से मुक्त रहता है। उन्होंने खड़े होकर करने वाले आसन ग्रीवाचालन, स्कंधचालन, ताड़ासन, वृक्षासन का अभ्यास करवाया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. शशिबाला ने बताया की जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 की तैयारियां पुरे जोश से चल रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के तहत जिले में खंड स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करवाया जा चुका है। 16 जून तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय बाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नारनौल में करवाया जाएगा।

# संयुक्त संघर्ष मंच ने भाजपा-जजपा सरकार को जमकर कोसा

## सरकार के इशारे पर शाहबाद व मोहड़ी अनाज मंडी में किसानों पर हुए पुलिस दमन की कड़े शब्दों में निंदा की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

संयुक्त सँघर्ष मंच में शामिल किसान, मजदूर, छात्र, युवा, कर्मचारी व पेंशनर्ज के दस संगठनों ने भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार के इशारे पर शाहबाद व मोहड़ी अनाज मंडी में किसानों पर हुए पुलिस दमन की कड़े शब्दों में निंदा की है। किसान नेता कामरेड टेक चंद की अध्यक्षता में कम्युनिटी हाल में हुई बैठक में आंदोलन में गिरफ्तार किए गए किसानों को बिना शर्त रिहा करने। झूठे मुकदमे रद्द करने। सूरजमुखी को सरकार द्वारा घोषित एमएसपी 6400 रुपए प्रति किवंटल पर खरीदने की मांग का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। संचालन सीटू नेता सतीश सेठी ने किया। मंच की बैठक में मजदूर संगठन सीआईटीयू, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन (भगत



सिंह), संयुक्त किसान-मजदूर इंकलाब मंच, भारतीय किसान यूनियन, छात्र सँघर्ष मंच, युवा सँघर्ष मंच, पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन, सर्व कर्मचारी संघ व मानवाधिकार समिति ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों, संविधान व लोकतंत्र विरोधी फेसलो के खिलाफ सभी संगठन मिलकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। इसके इलावा जाति व धर्म के नाम पर जनता की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों का भी एकजुटता से मुकाबला करने का संकल्प लिया गया।

सभी संगठनों ने एक-दूसरे के आंदोलनो में मदद करने पर भी सहमति प्रकट की है। अन्य संगठनों को संयुक्त सँघर्ष में शामिल करते हुए नारायणगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, परिवहन इत्यादि जन समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए जनता में जन जागरण अभियान चलाते हुए एकजुट होकर सँघर्ष को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक को सीआईटीयू से कामरेड रमेश नन्हेड़ा, भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) से विक्रम राणा, इंकलाब मंच से धर्मवीर ढींढसा, किसान यूनियन से कर्मवीर सिंह तुर्का, छात्र सँघर्ष मंच से अजय, युवा मंच से सम्राट, पेंशनर्ज एसोसिएशन से राम नाथ धीमान, एसकेएस से सतनाम सिंह व मानव अधिकार समिति से अमर नाथ ढींगड़ा व भारत भूषण सैनी तथा एडवोकेट संजीव बख्शुआ ने भी सम्बोधित किया। बैठक में सीआईटीयू से जुड़े संगठन मिड डे मील वर्कर यूनियन, ग्रामीण चौकीदार सभा एव एसकेएस से जुड़े नगरपालिका कर्मचारी संघ, अध्यापक संघ, पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

# पारदर्शिता से मिल रही सरकारी नौकरियों पर बजीं तालियां

**लोगों का जीवन सरल हो, इसके लिए सरकार ने बनाई अनेक कल्याणकारी नीतियां, करनाल में कोढ़ी कॉलोनी में जल्द स्थापित किया जायेगा प्राइमरी स्कूल, लोन लेने के लिए गलत इनकम टैक्स रिटर्न न भरें**

### जन-जन की बात

= **मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल की कोढ़ी कॉलोनी में प्राइमरी स्कूल खोलने की मांग को मंजूर कर लिया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के लोगों का जीवन सरल हो, इसके लिए हरियाणा सरकार ने अनेक कल्याणकारी नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। हमारी सरकार में लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है। अब सहायता राशि सीधे लाभार्थी के खाते में जाती है जबकि पहले लाभार्थी तक पहुंचते पहुंचते राशि रास्ते में ही गायब हो जाती थी। मुख्यमंत्री सोमवार को करनाल नगर निगम के वार्ड-16 में जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

**कोढ़ी कॉलोनी में जल्द स्थापित किया जायेगा प्राइमरी स्कूल:** जनसंवाद में एक मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल की कोढ़ी कॉलोनी में प्राइमरी स्कूल खोलने की मांग को मंजूर कर लिया गया है। इस पर जल्द काम शुरू हो जाएगा।

**लोन लेने के लिए गलत इनकम टैक्स रिटर्न न भरें:** एक शिकायतकर्ता की राशन कार्ड कटने संबंधी शिकायत पर पता चला कि उक्त व्यक्ति का कार्ड इसलिए कटा क्योंकि उन्होंने लोन लेने के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरी थी। मुख्यमंत्री ने इस पर कहा कि पिछले दो साल में किसी ने रिटर्न नहीं भरी है तो राशन कार्ड के लिए रिटर्न में दिखाई गई इनकम को नहीं माना जाएगा। जिन लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न भरी है, उसका असर उनके राशन कार्ड पर पड़ा है। एक शिकायतकर्ता की पेंशन शुरू नहीं होने की बात पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आयु का कोई भी प्रमाण दें, आपकी पेंशन शुरू करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी।



### राइट टू सर्विस से मिल रहा लोगों को लाभ

**एक** युवक द्वारा नौकरियों में पारदर्शिता से चयन होने की बात कहने पर जनसंवाद में उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर समर्थन दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पढ़ने वाले युवकों को पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियों में मौका मिलता है। पहले सरकारी नौकरियों के लिए सिफारिश चलती थी, अब योग्य का चयन होता है।

**जनसंवाद कार्यक्रम में आई हर शिकायत पर लिया जायेगा संज्ञान:** मनोहर लाल ने कहा कि जितनी भी शिकायतें इस जनसंवाद में मिली हैं, इन सभी पर कार्रवाई होगी। सभी शिकायतें संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजी जाएंगी जिनका समाधान निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारी को करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइट टू सर्विस योजना के लागू होने से प्रदेश के लोगों को लाभ मिल रहा है।

### पद्मश्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण अवार्डी को देगी 10 हजार मासिक पेंशन

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पद्म श्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण अवार्ड प्राप्त करने वाले हरियाणा वासियों को प्रदेश सरकार की तरफ से 10 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इन अवार्ड धारियों को हरियाणा सरकार की वोल्वो बस में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा सोमवार को अपने करनाल दौरे के दौरान की। मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि करनाल की ज्यादातर कॉलोनी शामलात भूमि पर बनी हुई है। करनाल की इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों की बैठक लेंगे और करनाल वासियों को मालिकाना हक दिलवाया जाएगा। इससे करनाल की जनता को राहत मिलेगी।

**प्रॉपर्टी आईडी के कैंप में 50 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतों का हुआ हल:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि करनाल के दो दिन के जनसंवाद में लोगों ने अलग-अलग विषयों पर अपनी बात रखी। बहुत सी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी आईडी को लेकर दो दिन के कैंप लगाए थे। इन कैंप में 1988 शिकायतें आई थी।

## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत किया जागरूक

**पानीपत:** समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान नशा मुक्त भारत पखवाड़ा शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है। सोमवार को जिला पुलिस की टीमों ने बस स्टैंड व टैक्सी स्टैंड पर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे जानकारी देकर जागरूक किया।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके करनाल दौरे के दौरान प्रसिद्ध गीतकार, कवि व लेखक मनोज मुंतशिर ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को आदिपुरुष फिल्म की कुछ झलकियां भी दिखाई। मुख्यमंत्री ने फिल्म के लिए मनोज मुंतशिर को शुभकामनाएं दी।

## अनुसूचित जाति आयोग की सुविधाओं का प्रावधान: संजीव कौशल

**आयोग के पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। स्वयं सहायता समूह व उद्यमिता योजना जैसी नीतियों से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित कर उन्हें ऑनलाइन किया गया है। इसके अलावा अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदौन्नति में आरक्षण के लिए एचआरएमएस से आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल से अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बड़गुज्जर, सदस्य मीना नरवाल व रवि तारांवाली ने मुलाकात की।



मुख्य सचिव ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की भलाई के लिए सरकार द्वारा जनवरी माह में आयोग का गठन किया गया। आयोग के पदाधिकारी ग्राम स्तर पर दौरा कर अनुसूचित जाति के लोगों के समक्ष आने वाली समस्याओं एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गहन अध्ययन कर रहे हैं ताकि अनुसूचित जाति के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान किया जा सके। बैठक में मुख्य सचिव को अवगत करवाया गया कि आयोग द्वारा अब तक सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, पंचकूला, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, पानीपत, सोनीपत, जींद, गुरुग्राम सहित 10 जिलों का दौरा किया गया है।

## जिला परिषद की हुई सामान्य बैठक

**पानीपत:** करनाल लोकसभा के सांसद संजय भाटिया ने कहा है कि केन्द्र व हरियाणा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सांसद ने यह बात आज जिला सचिवालय में जिला परिषद की सामान्य बैठक के दौरान सभी पार्षदों को सम्बोधित करते हुए कही। इस बैठक के दौरान जिला परिषद की चेयरमैन ज्योति शर्मा व पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया ने सभी जिला परिषद के सदस्यगणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए जनहित में अनेकों योजनायें बनाई है।




उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चंडीगढ़ में हिसार तथा रोहतक के उद्योगपतियों की एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों तथा उद्योग, बिजली, पर्यावरण,की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## सीएफएमएस की लंबित फाइलो के निपटान के लिए सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सीएफएमएस की लंबित फाइलो के निपटान के लिए सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इन फाइलों को एक सप्ताह के भीतर निपटाया जाए और महीनें में एक दिन सीएफएमएस को लेकर समीक्षा बैठक होगी। कौशल ने यह निर्देश सेंट्रलाइज फाइल मूवमेंट एंड ट्रैकिंग इनफार्मेशन सिस्टम से जुड़े अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान दिए। उन्होंने अधिकारियों से पेंडेंसी के कारण पूछे और 30 दिन से ज्यादा दिनों तक फाइल अपने पास रखने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई। कौशल ने जल्द से जल्द उन फाइलों की पेंडेंसी खत्म करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के अधिकारी हर सप्ताह सीएफएमएस की पेंडेंसी को लेकर एक बैठक करना सुनिश्चित करेगें। संजीव कौशल ने उन अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा भी की जिन्होंने समय पर फाइलों का निपटान किया। बैठक में कार्मिक, प्रशिक्षण, सतर्कता एवं संसदीय कार्य विभाग के विशेष सचिव प्रभजोत सिंह, मानव संसाधन विभाग के विशेष सचिव आदित्य दहिया, सचिवालय स्थापना के विशेष सचिव सम्वर्तक सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## मेरी कलम हमेशा किसानों के हक में चलेगी: जेपी दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/भिवानी**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि देश व प्रदेश की सरकार किसानों के हितों के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि मेरी कलम हमेशा किसानों के हक में चलेगी और किसानों के हितों पर आंच नहीं आने दी जाएगी। मौसम की मार से जब भी किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, किसानों को तुरंत प्रभाव से मुआवजा दिए जाने का काम मौजूदा सरकार ने किया है। फसलों के इतने भाव पहले किसी सरकार ने नहीं दिए। जेपी दलाल जिला भिवानी के गांव मिरान व ईशरवाल में जनसंवाद कार्यक्रम के मौके पर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने बिजली, पानी, मिरान सब माइनर की मरम्मत, तालाब की सफाई, चकबंदी का कार्य पूर्ण करवाने सहित विभिन्न समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। फसलों के अच्छे भाव दिए और फसल खरीद का पैसा ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से सीधा किसानों के खाते में भेजा गया।



## सिवानी में तैनात एसडीएम को हिसार में रॉड से पीटा

**गांव में दीवार निर्माण विवाद में पड़ोसी के साथ हुआ था झगड़ा**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हांसी** उपमंडल के गांव मसूदपुर में मकान की दीवार के निर्माण को लेकर हुए विवाद में सिवानी में तैनात एसडीएम के साथ उनके पड़ोसियों ने सोमवार को मारपीट की। मारपीट के दौरान राड़ से हमला किए जाने पर एसडीएम बेहोश हो गए, बेहोश एसडीएम को परिजनों ने उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंचकर मसूदपुर निवासी व सिवानी में तैनात एसडीएम सुरेश कुमार की शिकायत पर उनके पड़ोसी बलवान उर्फ काला, सोनू व रीतू के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सुरेश कुमार ने कहा है कि वह सिवानी में एसडीएम के पद पर तैनात है और अपने किसी निजी काम से गांव मसूदपुर आए हुए थे। सुरेश कुमार ने बताया कि गांव में उसका भाई सत्यवान अपना मकान बना रहा है। मकान के साथ ही आरोपित बलवान का मकान है और उसके मकान के साथ लगती उनकी दीवार को लेकर बलवान पिछले कई दिनों से उसके परिवार के साथ झगड़ा कर रहा था। इसके बावजूद मैने भाई सत्यवान को कहा कि दीवार की जमीन के

### मारपीट

= **एसडीएम बेहोश हो गए, बेहोश एसडीएम को परिजनों ने उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया**

लिए झगड़ा नहीं करना है और दीवार में से चार इंच जगह बलवान की तरफ छोड़ कर अपनी दीवार निकाल लेना। जब उसका भाई सत्यवान दीवार निकाल रहा था तो बलवान, काला, बलवान का बेटा सोनू और बेटी रीतू उनके भाई सत्यवान के साथ झगड़ा करने लग गए। सुरेश ने बताया कि झगड़े के समय वह पास में ही चाचा के मकान पर गया हुआ था।

झगड़े का शोर सुनकर वह सत्यवान के मकान पर पहुंच कर उन्हें लड़ाई झगड़ा करने से रोका तो बलवान ने कहा कि आ पहले तुझे एसडीएम बनाता हूं, और ऐसा कहते हुए सब ने मिलकर उसके सिर पर रॉड से वार किए और जब उसने राड से बचने के लिए हाथ उपर किए तो उसने राड़ से उसके हाथों व अंगुलियों पर वार किए। इसके बाद वह बेहोश हो गया। परिवार के सदस्यों ने उसे उपचार के लिए हांसी के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एचएयू ने बढ़ाई विभिन्न कोर्सों की फीस, विरोध में छात्र

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हिसार स्थित हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न कोर्सों की फीस बढ़ाए जाने का विद्यार्थियों ने विरोध किया है। विद्यार्थियों ने विरोधस्वरूप कुलपति कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने बी टैक, बीएससी, एमएससी, एम टैक व पीएचडी की फीस दोगुनी से भी ज्यादा कर दी है, जिससे विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। विद्यार्थियों ने सोमवार को कुलपति कार्यालय के समक्ष धरना लगाया जिसमें कक्षाओं के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उनका कहना है कि फीस वृद्धि के खिलाफ रजिस्ट्रार को ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन विश्वविद्यालय की तरफ से कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया। ऐसे में अगर विश्वविद्यालय छात्रों की मांगों को पूरा नहीं करता तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एकदम से ही सभी कक्षाओं की फीस में इजाफा लेने से छात्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है जिसके चलते विद्यार्थी काफी परेशान है। छात्रों ने कुलपति को मेल के माध्यम से अपना विरोध जताया था। पीएचडी होल्डर का स्थाई फंड 10 हजार से तीन हजार रुपए कर दिया। छात्रों ने कहा कि बीएससी कोर्स लड़कों की फीस 11620 से बढ़ाकर 26405 रुपए कर दी गई है। एमटेक की फीस 15410 से बढ़ाकर 38655 रूपए कर दी गई। पीएचडी कोर्स की फीस 19260 रुपए पहले थी वह अब 48655 कर दी गई है जो गलत है। उन्होंने मांग उठाई कि विश्वविद्यालय यह फीस बढ़ोतरी तुरंत वापिस लें।



### धरने पर छात्र

= **विश्वविद्यालय प्रशासन ने बी टैक, बीएससी, एमएससी, एम टैक व पीएचडी की फीस दोगुनी से भी ज्यादा कर दी है**

## अनुसूचित जाति के लोगों के लिए योजनाएं ऑनलाइन: मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। स्वयं सहायता समूह व उद्यमिता योजना जैसी नीतियों से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित कर उन्हें ऑनलाइन किया गया है। इसके अलावा अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण के लिए एचआरएमएस से आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल से सोमवार को चंडीगढ़ में अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बड़गुज्जर, सदस्य मीना नरवाल व रवि तारांवाली ने मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की भलाई के लिए सरकार द्वारा जनवरी माह में आयोग का गठन किया गया। आयोग के पदाधिकारी ग्राम स्तर पर दौरा कर अनुसूचित जाति के लोगों के समक्ष आने वाली समस्याओं एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गहन अध्ययन कर रहे हैं ताकि अनुसूचित जाति के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान किया जा सके।

## पूर्व मंत्री का दावा, सफल रहा नारनौंद का पन्ना प्रमुख सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**राज्य के पूर्व** वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने हांसी में आयोजित नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को ऐतिहासिक बताते हुए इसमें हजारों की संख्या में पहुंचने पर कार्यकताओं का आभार जताया है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी विप्लब देब का विशेष रूप से आभार जताया, जिन्होंने इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कैप्टन अभिमन्यु ने सोमवार को कहा कि नारनौंद हलके के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यकताओं का उत्साह बताता है कि उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं से भारी जोश है। कार्यकर्ताओं ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेकर प्रदेश प्रभारी व वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है, जो काबिलेतारीफ है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। नौ साल के दौरान केन्द्र सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं वहीं गरीबों, किसानों, महिलाओं व मजदूरों सहित हर वर्ग के कल्याण की नीतियां लागू की है।

## मोदी सरकार ने नौ वर्षों में देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया: भव्य

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**आदमपुर के** विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में देश ने तरक्की के मामले में नई ऊंचाइयां को छुआ है। देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसी तरह मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी हरियाणा को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। विधायक भव्य बिश्नोई सोमवार को भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के दौरान आधा दर्जन गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने अनेक जगह विकास कार्यों का जायजा लिया व कई जगहों पर विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने आदमपुर में आयोजित हुए पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचने पर पार्टी के सभी पन्ना प्रमुखों, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आभार जताया। भव्य बिश्नोई पार्टी ने महा जनसंपर्क अभियान के दौरान पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराया व भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर के तहत गांव बालसमंद के तलाब के कार्य का शिलान्यास किया। भव्य बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री के शासन काल को नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। उनका कार्यकाल एक मिसाल के तौर पर याद किया जाएगा।

आज विश्व पटल पर भारत का नाम जिस गर्व के साथ लिया जाता है उसके पीछे प्रधानमंत्री की कूटनीति व उनकी कड़ी मेहनत है। उनका एकमात्र लक्ष्य हर हाल में देश की उन्नति का है। दूरदर्शी सोच के चलते वे देशहित के लिए जरूरी बड़े फैसले लेने से पीछे नहीं हटते।



### पीठ थपथपाई

= **मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी हरियाणा को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर कर रहे हैं: विधायक**

## न्यूज फ्लैश

### पार्कों के लिए 3 करोड़ रुपये का रखा गया वार्षिक बजट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मुगल कैनाल का कायाकल्प होगा। नगर निगम की ओर से 2 करोड़ 43 लाख रुपये के अनुमान का टैण्डर लगाया गया है, जो इसी माह की 25 को ओपन होगा। इस राशि से मुगल कैनाल के दोनो ओर की सडकें सीमेंट कंक्रीट की होंगी, पानी निकासी के लिए ड्रेन चैनल होंगे, सडक को सुरक्षित बनाने वाली कैटआई व रिफ्लेक्टर लगेंगे तथा थर्मोप्लास्टिक पेंट से जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाएंगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग के दौरान यह जानकारी दी। निगमायुक्त ने बताया कि कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल के साथ नगर निगम अधिकारियों की जो मीटिंग हुई थी, उसमें मुख्यमंत्री की ओर से शहर के भिन्न-भिन्न वार्डों में सडकों की मरम्मत के आदेश दिए गए थे। इनमें वार्ड 6, 8, 9 व 10, वार्ड 11, 12, 13, 16 व 17 की मुख्य सडकों की मरम्मत की जाएगी। इन मरम्मत कार्यों में ड्रेन, नाले, फ्रेम, ग्रिल, रोड गली, गढ्ढे व पैच वर्क किए जाएंगे। बिटुमिन कंक्रीट से सडकें सुदृढ़ की जाएंगी, इनमें रेलवे रोड भी शामिल है। इन कार्यों के लिए 1 करोड़ 84 लाख 71 हजार रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। सडकों की मरम्मत का नगर निगम की ओर से बीती 10 जून को टैण्डर लगाया जा चुका है, जो जल्द खुलेगा। चालू मास में ही काम शुरू करने की योजना है। पार्कों के लिए 3 करोड़ रुपये का रखा वार्षिक बजट- निगमायुक्त ने बताया कि शहर के सभी छोटे-बड़े पार्कों में सिविल वर्क और मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। ऐसे करीब 194 पार्क हैं। नगर निगम की ओर से पार्कों के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट रखा गया है। इन कार्यों में बाउंडरी वाल, फुटपाथ, झूले व ओपन एयर जिम की मरम्मत शामिल हैं। जिन पार्कों में घास की जरूरत होगी, नई घास लगाई जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि सभी कार्यकारी अभियंताओं को पार्कों की मरम्मत व सिविल वर्क के अनुमान तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। दिव्य नगर योजना पर किया जा रहा काम, डी.पी.आर. अंतिम चरण में- निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि शहर की सडकों के सौंदर्यकरण के लिए दिव्य नगर योजना पर काम किया जाएगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# पद्मश्री या पद्मभूषण अवॉर्डी को सरकार देगी 10 हजार मासिक पेंशन

**करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**मुख्यमंत्री म**नोहर लाल ने कहा कि पद्मश्री या पद्मभूषण अवार्ड प्राप्त करने वाले हरियाणा वासियों को प्रदेश सरकार की तरफ से 10 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इन अवार्ड धारियों को हरियाणा सरकार की वोल्वो बस में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा सोमवार को अपने करनाल दौरे के दौरान की। मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि करनाल की ज्यादातार कॉलोनी शामलात भूमि पर बनी हुई है। करनाल की इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों की बैठक लेंगे और करनालवासियों को मालिकाना हक दिलवाया जाएगा। इससे करनाल की जनता को राहत मिलेगी।



**प्रॉपर्टी आईडी के कैंप में 50 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतों का हुआ हल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल के दो दिन के जन संवाद में लोगों ने अलग-अलग विषयों पर अपनी बातें रखी। बहुत सी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी आईडी को लेकर दो दिन के कैंप लगाए थे। इन कैंप में 1988 शिकायतें आई थी, इनमें से 50 प्रतिशत शिकायतों का हल मौके पर कर दिया गया है। बाकी शिकायतों के लिए 5 दिन का समय मांगा है।

**करनाल के थाना सदर के एसएचओ को किया सस्पेंड**
मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी अधिकारी व कर्मचारी को जन सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्हें करनाल के पुलिस कर्मचारियों के व्यवहार की शिकायत मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए करनाल थाना सदर के एसएचओ मनोज को सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त करनाल सिटी एसएचओ कमलदीप राणा का तबादला नारनौल और सदर थाना के ईएसआई महावीर का तबादला पलवल में किया है।

**आदिपुरुष फिल्म पर जल्द लेंगे फैसला:** एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिपुरुष फिल्म को लेकर लेखक मनोज मुंतशिर व उनकी टीम ने उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने फिल्म को लेकर कुछ सहायता मांगी है। यह फिल्म 16 जून को रिलीज हो रही है। इससे पहले विचार करके फैसला किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निभाया वायदा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने अपना वायदा निभाते हुए सोमवार को करनाल की ब्राह्मण सभाओं को 31 लाख रुपये का चैक सौंपा है। यह घोषणा उन्होंने करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ के दौरान की थी। मुख्यमंत्री द्वारा चैक सौंपे जाने के बाद करनाल की सभी ब्राह्मण सभाओं ने उनका कोटि-कोटि धन्यवाद किया है। मुख्यमंत्री ने अपने करनाल प्रवास के दौरान सोमवार सुबह पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में ब्राह्मण सभाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला करनाल की ब्राह्मण सभा को 21 लाख रुपये, जिला मोहियाल ब्राह्मण सभा को 5 लाख रुपये और मॉडल टाउन ब्राह्मण सभा को 5 लाख रुपये का चैक सौंपा। इस चैक को जिला करनाल ब्राह्मण सभा की तरफ से प्रधान सुरेंद्र शर्मा बडौता, जिला मोहियाल ब्राह्मण सभा की तरफ से पूर्व प्रधान विनोद मेहता



व मॉडल टाउन ब्राह्मण सभा की तरफ से एडवोकेट राहुल बाली ने लिया।

**ये घोषणाएं की पूरी:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने परशुराम महाकुंभ में किया अपना वायदा निभाया है। भविष्य में भी ब्राह्मण समाज द्वारा की गई मांगों पर विचार करके उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम पर डाक टिकट जारी कर दिया गया है तथा परशुराम जयंती पर हरियाणा सरकार द्वारा राजपत्रित अवकाश घोषित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त कैथल में मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा गया है।

## दुकान में चोरी करने वाले दो नौकर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा मालिक की दुकान से सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में दोनों नौकरों प्रवीण कुमार पुत्र धन्नु वासी कुंजपुरा जिला करनाल को कुंजपुरा से व अनुभव पुत्र रामबख्श वासी गांव मैगमो जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए 27 ड्रम गलोक्सी, 12 ड्रम थिनर व 8 ड्रम सीलर, कुल 47 ड्रम बरामद किए गए, जिनकी बाजार में कीमत करीब 2.5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने के आदी हैं। आरोपियों ने नशा पूर्ति व जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अनुभव गोदाम के पास ही किराए के कमरे में रह रहा था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि शिकायतकर्ता के घर में शादी के दौरान आरोपियों ने उक्त सामान के ड्रम चोरी करके किराए के कमरे में रख लिए थे और एक दिन मौका पाकर किराए के एक वाहन में भरकर सभी ड्रमों को भरकर ले गए थे और कुंजपुरा में एक जगह पर छुपा दिया था।

## सैक्टर-13 मार्किट में मनाया अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस

**श्रद्धानंद के बच्चों द्वारा बाल मजदूरी पर स्लोगन बोलते हुए नारे लगाकर आम जनता को जागरूक किया गया**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला बाल** संरक्षण यूनिट महिला एवं बाल विकास कार्यालय द्वारा सोमवार को कालड़ा मार्केट सेक्टर-13, करनाल में आम जनता को जागरूक करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया, जो कि प्रत्येक वर्ष 12 जून को मनाया जाता है । इस वर्ष इस दिन का थीम सभी के लिए सामाजिक न्याय। बाल श्रम समाप्त करें। कार्यक्रम के दौरान एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ तथा श्रद्धानंद के



बच्चों द्वारा बाल मजदूरी पर स्लोगन बोलते हुए नारे लगाकर आम जनता को जागरूक किया गया तथा एमडीडी बाल भवन के बच्चों द्वारा एक लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराध जैसे बाल श्रम करवाना, यौन शोषण तथा बाल विवाह के मुद्दों पर जनता को जागरूक किया गया। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चांदना ने बताया गया कि बच्चों को बाल मजदूरी और शोषण से निजात दिलवाने के लिए बनाए गए बेहद सख्त कानूनों के बावजूद भी नाबालिगों से काम लेने की प्रकृति और उनका शोषण जारी है, जो कि चिंता का विषय है। बच्चों की ट्रैफिकिंग के गंभीर अपराध से जुड़े हुए तत्व दूसरे राज्यों से बच्चों को लाते हैं, फिर उन्हें बंधुआ मजदूरी के दलदल में धकेल देते हैं। इसीलिए बच्चों से जुड़े हुए सभी विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाईन तथा बच्चों के क्षेत्र में कार्य कर रही सभी एनजीओ को मिलकर एक साथ काम करते हुए हमें अपने जिले को बालश्रम से मुक्त करने का संदेश दिया गया। घर-घर को जगाना है, बाल मजदूरी को हटाना है, का नारा भी दिया गया। जिला बाल संरक्षण यूनिट तथा एनजीओ के स्टाफ द्वारा सभी दुकानों पर बाल श्रम न करवाने हेतु जागरूक करने के लिए पुस्तिका भी बांटे गए।

# मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट विषय को लेकर हुई कार्यशाला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीजेएम** जसबीर कौर के एडीआर सेंटर में सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निदेर्शानुसार केस टाइटल राजेश त्यागी एंड अदर्स वर्सेस जयवीर सिंह एंड अदर्स एवं गोहर मोहम्मद वर्सेस उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन एंड अदर्स के तहत दिए गए दिशा निर्देश अनुसार एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का विषय मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट एवं मोटर व्हीकल अमेंडमेंट रूल्स 2022 के चैप्टर 11 और 12 था। उन्होंने बताया कि इस वर्कशॉप



में इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजरों एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल के पैनल पर उपस्थित पैनल एडवोकेट ने भाग लिया। इस वर्कशॉप की अध्यक्षता सुश्री जसबीर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं श्री गुरविंदर पाल सिंह, एडवोकेट जो कि रिसोर्स पर्सन थे उन्होंने की।

**वर्कशॉप का विषय मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट एवं मोटर व्हीकल अमेंडमेंट रूल्स 2022 के चैप्टर 11 और 12 था**

कार्यशाला में बताया गया कि मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट एवं रूल के तहत जब एक्सीडेंट होता है तो इन्वेस्टिगेटिंग ऑफीसर को 48 घंटे के अंदर अंदर दुर्घटना की स्थिति के बारे में क्लेमस ट्रिब्यूनल को और साथ ही साथ बीमा कंपनी को अवगत कराना होता है और जैसे ही इंश्योरेंस कंपनी को पता लगता है, उसी वक्त कंपनी एक ऑफिसर को नियुक्त करती है एवं इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर दुर्घटना से संबंधित आवश्यक तथ्य इके करता है, जैसे कि फोटोग्राफ्स इत्यादि और एक डिटेल से डीएआर अर्थात डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट तैयार करता है। सीजेएम ने बताया कि इसी तरह मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट एंड रूल्स के सभी तथ्य पैनल एडवोकेट एवं इंश्योरेंस कंपनीज मैनेजर्स के साथ एवं अधिवक्ताओं के साथ साझा किए गए, ताकि अधिक से अधिक में जानकारी उठा सकें और एप्लीकेंट को उचित मुआवजा मिल सके।

## सीएम का जनसंवाद बना जनता की आवाज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जनसंवाद कार्यक्रम जनता की आवाज बन गया है। करनाल में 11 व 12 जून को आयोजित किए गए जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में करनालवासियों की भीड़ उमड़ी और उन्होंने अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री के इस जनसंवाद कार्यक्रम की चौतरफा सराहना हो रही है। जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान में किया योग कक्षा का शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में** लोगों को स्वस्थ रखने की मुहिम के अंतर्गत भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान में एक नई योग कक्षा का शुभारंभ किया गया। मिशन प्रमुख योग गुरु दिनेश गुलाटी ने संस्था के निर्देशक ज्ञानेंद्र सिंह को संस्थान में लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए शुभकामनाएं दी। दिनेश गुलाटी द्वारा समाज को स्वस्थ करने के लिए चलाई जा रही मुहिम मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत नए लोगों को साथ जोड? का आह्वान किया और अन्य लोगों को योग के



प्रति जागरूक करने को प्रेरित किया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ कर समाज में एक नई दिशा और दशा की ओर अग्रसर हो सकें। उन्होंने बताया कि योग से हर रोग दूर होता है और इसी कारण विशेष रूप से इस कक्षा को आरंभ किया गया है, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि योग तनाव मुक्त और व्याधि मुक्त जीवन की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सूक्ष्म क्रियाओं और आसनों का प्रशिक्षण दिया और योगासन संबंधित बारीकियों, जानकारियां और सावधानियों से अवगत करवाया। योग इच्छुक साधकों ने उचित विधि से इन आसनों को करने का अभ्यास करते हुए करते हुए कक्षा आरंभ करने के लिए दिनेश गुलाटी का आभार व्यक्त किया। भारतीय गेहूं एव जौ अनुसंधान संस्थान करनाल योग कक्षा में भाग लेने वाले अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, निदेशक, डॉक्टर एससी त्रिपाठी, डॉक्टर ओपी अहलावत, डॉक्टर अजीत सिंह खरब, डॉक्टर सुधीर कुमार, डॉक्टर ओपी गुप्ता, डॉक्टर मंगल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पीएचपी वर्मा और विजय सिंह उपस्थित रहे।

## भक्तों का भक्ति पथ इतना सहज व सरल नहीं होता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रामलीला ग्राउंड कुंजपुरा में पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। जिसके पंचम एवम् समापन दिवस के अंतर्गत श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी प्रवीणा भारती जी ने प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की सुंदर यात्रा का वर्णन किया जो साधारण नहीं, अपितु एक भक्त की भगवान की भक्ति को पाने की यात्रा थी। साध्वी जी ने कहा कि यह सुंदरकांड प्रत्येक भक्त को भक्ति पथ पर अग्रसर होते हुए मार्ग में मिलने वाली बाधाओं की ओर संकेत करता है। हनुमान जी की यात्रा के दौरान मैनाक पर्वत, सुरसा और सिंहका राक्षसी प्रतीक हैं राजसिक, तामसिक, सात्विक तीन रूप में आने वाली बाधाओं की ओर। भक्तों का भक्ति पथ इतना सहज व सरल नहीं होता। सांसारिक किसी वस्तु की उपलब्धि के लिए यदि एक व्यक्ति को तप करना पड़ता है तो वहीं ईश्वर की भक्ति को प्राप्त करने के लिए भी इन पडाव में से गुजरना पड़ता है।

## रिद्धि फोर ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता सिल्वर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
गुरुनानक खालसा कॉलेज की विद्यार्थी रिद्धि फोर ने एक बार फिर कॉलेज,



करनाल तथा पूरे प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। कॉलेज के प्रिंसीपल डा. गुरिंदर सिंह ने बताया कि कॉलेज की विद्यार्थी रिद्धि फोर ने एशिया कप स्टेज 3 टीम इवेंट तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता है। कॉलेज के खेल विभाग के इंचार्ज लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण ने बताया कि यह प्रतियोगिता सिंगापुर में 5 से 10 जून तक आयोजित की गई थी, जिसमें पूरे एशिया से बेहतरीन तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। उसमें रिद्धि ने भी अपने देश का नाम रोशन करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि रिद्धि एनसीसी की कैडेट भी है। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने रिद्धि को बहुत बधाई दी तथा कहा कि कॉलेज की तरफ से रिद्धि को हरसंभव सुविधा प्रदान की जाएगी। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के जनरल सेक्रेटरी सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क ने कहा कि रिद्धि ने न केवल कॉलेज अपितु करनाल, हरियाणा एवं पूरे भारत का नाम रोशन किया है।

# एक्शन मोड में सीएम, मौके पर ही समस्याओं का हो रहा निदान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम का व्यापक असर होता दिखाई दे रहा है। इस दौरान जहां अफसरशाही के तार कसे जा रहे हैं, वहीं जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। जनसमस्याओं को लेकर सीएम के कड़े तेवर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। दो दिन के करनाल प्रवास पर पहुंचे सीएम ने सोमवार को हांसी रोड के लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निगम अधिकारियों से कहा कि समस्या का समाधान कर इसकी जानकारी करनाल की मेयर को दें। दरअसल वाक्या सोमवार का है। मुख्यमंत्री के सोमवार को दो जनसंवाद कार्यक्रम अलग-अलग वार्डों में रखे हुए थे। मुख्यमंत्री



को वार्ड 16 और 17 में लोगों से रु-ब-रु होना था। इस दौरान हांसी रोड गलीं नंबर 10 के लोग अपनी समस्या को लेकर शिव कालोनी क यूनिटी सैंटर में पहुंच गए। लोगों की शिकायत थी कि उनके एरिया में लंबे समय से लोग सीवरेज ब्लाक है। इसके अलावा बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिसकी वजह से बरसात के मौसम में ठीक जलभराव रहता है। लोगों की तरफ से ललित शर्मा ने सीएम को बताया कि नाली रूकी रहने व गली का लेवल सही न होने से भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनी और निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का तुरंत समाधान किया जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समस्या का निदान कर मेयर को जानकारी दें। सीएम से मिलकर लौटे ललित शर्मा ने बताया कि उनके लिए संतोष की बात है कि उन्हें मु यमंत्री से अपनी बात कहने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जो सीधे जनता तक खुद पहुंच रहे हैं और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं।

इस बीच नगर निगम व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का अमला तुरंत हांसी रोड समस्या स्थल पर पहुंचा और समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई। सीएम द्वारा समस्या के समाधान के लिए तुरंत संज्ञान लेने पर मौजूद लोगों ने बड़ा संतोष जाहिर किया। कॉलोनी वासी कालाराम, राजकुमार, सन्नी भाटिया, साक्षी, रामपाल, दारासिंह, सुशील कुमार आदि ने सीएम का आभार प्रकट किया है।

## संपादकीय

# क्यों खालिस्तानी सक्रिय हैं कनाडा में

**कनाडा** में खालिस्तानी ताकतें भारत और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगल रही हैं। दुख इस बात का है कि मित्र देश होने के बावजूद कनाडा सरकार कुछ नहीं कर रही है। अब ताजा मामले में खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर निकाली परेड में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी को आपत्तिजनक रूप में दिखाया। बीती 6 जून, को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने 5 किलोमीटर लंबी परेड निकाली। इसमें एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का सीन दिखाया गया। झांकी में इंदिरा गांधी को खून से सनी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनके हाथ ऊपर हैं। दूसरी तरफ दो शख्स उनकी तरफ बंदूक ताने खड़े हैं। इसके पीछे लिखा है-बदला। कनाडा अपने को एक सभ्य देश होने का दावा करता है। पर वहां अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वाले खुल कर खेल कर रहे हैं। आप इंदिरा गांधी की कुछ नीतियों से असहमत हो सकते हैं, पर यह कोई भी भारतीय सहन नहीं करेगा कि उन्हें आपत्तिजनक तरीके से झांकी में पेश किया जाए। बेशक, इस सारे घटनाक्रम से भारत स्तब्ध है। इस कट्टरपंथ की सार्वभौमिक तौर पर निंदा होनी चाहिए। पता नहीं क्यूँ, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विदेशों में जाकर जहर उगलने वाले राहुल अपनी दादी के अपमान पर क्यों नहीं बोल रहे। कनाडा लंबे समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां पर मंदिरों में भी तोड़फोड़ की जाती है। कनाडा का ब्रैम्पटन शहर तो भारत विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। कनाडा में बार-बार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। जुलाई 2022 में कनाडा के रिचमंड हिल इलाके में एक विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। सितंबर 2022 में कनाडा में स्वामीनारायण मंदिर को कथित खालिस्तानी तत्वों ने भारत विरोधी भित्ति चित्रों के साथ विकृत कर दिया था। पर वहां की पुलिस की काहिली और निकम्मेपन के कारण दोषी पकड़ में नहीं आते। कौन भूल सकता है कनिष्क विमान हादसे को। मांट्रियाल से नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया था। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहे हैं। वे कथित किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे थे। तब ट्रूडो कह रहे थे कि "कनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।" क्या कनाडा की खुफिया एजेंसिया इतनी घटिया हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं? उन्हें भारत-विरोधी तत्वों पर कठोर एक्शन लेना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो उन्हें कायदे से समझा दिया था कि " भारतधर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।"

# पहलवान आंदोलन-कुछ निष्कर्ष यह भी

तनवीर जाफरी

> "पूरे मामले में यह निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं कि आरोपी यदि सत्ता पक्ष का है,बाहुबली है और रसूखदार व वोटों के नजरिये से सत्ता के लिये लाभप्रद है तो इस तरह की गंभीर शिकायतों की भी अनदेखी की जा सकती है। और यह भी कि यौन शोषण व बलात्कार के देश भर में रोज घटित होने वाले तमाम मामलों में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार करने के बाद चूंकि हर पीड़िता व उसका परिवार मात्र प्राथमिकी दर्ज करने के लिये निचली अदालतों,उच्च न्यायलय या सर्वोच्च न्यायलय के द्वार नहीं खटखटा सकता इसलिये न जाने कितने आरोपी रोज ही बच जाते होंगे और कितनी ही पीड़िताओं को न्याय नहीं मिलता होगा। और हर पीड़िता न तो आंदोलन कर सकती है न ही न्याय के लिये इतना संघर्ष कर सकती है। नतीजतन देश में बलात्कार व यौन शोषण की घटनाओं में निरंतर इजाफा होता जा रहा है"

**भारतीय कु**श्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के आपराधिक पृष्ठभूमि रखने वाले बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ़्तारी सहित अनेक मांगों को लेकर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर चलाया जाने वाला अंतराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों का धरना/आंदोलन फिलहाल स्थगित हो गया है। बृजभूषण पर ओलम्पिक पदक विजेता खिलाड़ियों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस ने यौन शोषण व पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया था।दिल्ली पुलिस द्वारा इतने गंभीर मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद एफ आई आर दर्ज करने के बावजूद आरोपी की गिरफ़्तारी न किये जाने से आहत ओलम्पिक पहलवान जंतर मंतर पर धरने पर बैठ गये थे। यह आंदोलन किसानों के समर्थन से एक बड़े आंदोलन का रूप लेता जा रहा था। इसी बीच 28 मई को जब नई संसद भवन का उद्घाटन हो रहा था उसी दिन पहलवानों की ओर से नए संसद भवन पर ही महिला पंचायत भी बुला ली गयी। उस दिन भी दिल्ली में खिलाड़ियों,उनके समर्थकों व पुलिस के बीच काफी रस्सा कशी रही। नये संसद भवन तक पहुँचने के लिये पहलवानों के समर्थन में आये किसान व तमाम अन्य लोग पुलिस बैरिकेड्स पर चढ़ गए उसे घसीटने व धकेलने लगे । इस संबंध में पुलिस ने पहलवानों व उनके कई समर्थकों के विरुद्ध भी मामले दर्ज किये।

अभी खिलाड़ियों का यह आंदोलन और उनके समर्थन में किसानों व विभिन्न खाप पंचायतों की जगह जगह बैठकों का दौर चल ही रहा था कि इसी बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट कर आंदोलनकारी किसानों को बातचीत करने के लिये आमंत्रित किया। और अगले ही दिन आंदोलनकारी पहलवानों का एक दल खेल मंत्री से मिलने उनके निवास जा पहुंचा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन्हें आश्वासन दिया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध चल रही जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी। शीर्ष पहलवानों के दल के साथ बातचीत करने के बाद अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए, ठाकुर ने



स्वयं कहा कि "मैंने पहलवानों के साथ 6 घंटे की लंबी चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया कि जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष पद के लिए अगला चुनाव 30 जून तक कराया जाएगा। पहलवानों के विरुद्ध 28 मई को दर्ज की गयी सभी प्राथमिकी वापस ली जाएँगी। "कुश्ती महासंघ की एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी। खेल मंत्री द्वारा पहलवानों को दिये गये इस आश्वासन के बाद पहलवानों ने 15 जून से पहले कोई नया विरोध प्रदर्शन नहीं करने का वादा किया। बाद में पहलवानों के अपनी सरकारी ड्यूटी पर जाने की भी खबरें आईं और यह खबर भी आई कि यह पहलवान निकट भविष्य में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिये भी अपनी तैयारियां शुरू कर देंगे।

परन्तु खेल मंत्री व पीड़ित पहलवानों की बातचीत के बाद एक बार फिर इस घटनाक्रम ने एक और नया मोड़ तब ले लिया जब ओलंपियन साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने कहा कि 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ़्तारी नहीं हुई तो 16 और 17 जून को इस मुद्दे पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति पुनः तैयार की जाएगी। साथ ही साक्षी मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि वे एशियाई खेलों में भी तभी भाग लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। दरअसल खेल मंत्री द्वारा 15 जून तक चार्जशीट दाखिल करने के वादे के पीछे एक तकनीकी पेंच यह भी था कि 15 जून को अदालत में चार्जशीट दाखिल करने के बाद पुलिस के हाथ से बृज भूषण सिंह की गिरफ़्तारी अदालत के कार्यक्षेत्र का विषय हो जाती और पुलिस व सरकार इससे अपना पल्ला झाड़ लेती। अब 15 जून के बाद क्या होगा यह देखना भी दिलचस्प होगा।

परन्तु इस पूरे दुखदायी व शर्मनाक घटनाक्रम से कुछ निष्कर्ष तो स्पष्ट रूप से निकाले ही जा सकते हैं। एक तो यह कि इतने हाई प्रोफाइल स्तर की अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों द्वारा उनके साथ किये गये यौन शोषण की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। और पुलिस में अपनी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिये पहलवान लड़कियों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद ही पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद दूसरी शर्मनाक बात यह कि पाक्सो एक्ट सहित यौन शोषण की विभिन्न धाराओं में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मुकददमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार नहीं किया। न ही आरोपी से सरकार ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से उसका इस्तीफा तलब किया। जबकि आरोपी कहता रहा की सरकार या पार्टी जब भी कहेगी मैं इस्तीफा दे दूंगा।

सवाल यह है कि बेटियों को पढ़ाने व बचाने का नारा देने वाली सरकार के रहते जब इतनी हाई प्रोफाइल शोषित लड़कियों की सुनवाई पुलिस द्वारा नहीं की गयी। और उन्हें सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। तो पूरे देश में आये दिन इस तरह की घटनाओं में क्या कुछ होता होगा इस बात का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी को अब तक गिरफ़्तार न किया जाना तो इस बात की तरफ साफ इशारा करता है कि पुलिस का रवैय्या आरोपी के प्रति पक्षपात पूर्ण था न की शिकायतकर्ता मेडलिस्ट पहलवानों के प्रति न्याय देने वाला । न्याय व्यवस्था की एक मशहूर कहावत है‚४२३ी ïï´टीï ‚४२३ी ïल्ल्ीï यानी न्याय में देरी का अर्थ है न्याय से इनकार। इस मामले में भी वही होता दिखाई दिया। पुलिस ने जिस खिलाड़ी की शिकायत पर पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था ,इतना समय बीत जाने व आरोपी के गिरफ़्तार न होने के कारण उस शिकायतकर्ता को आरोपी द्वारा कथित तौर पर आखिरकार मैनेज कर ही लिया गया। और खबरों के अनुसार उस नाबालिग पीड़िता व उसके पिता दोनों ने अपना बयान बदल दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार का देश की गौरव रुपी बेटियों के साथ न्याय का क्या यही पैमाना है ? पूरे मामले में यह निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं कि आरोपी यदि सत्ता पक्ष का है,बाहुबली है और रसूखदार व वोटों के नजरिये से सत्ता के लिये लाभप्रद है तो इस तरह की गंभीर शिकायतों की भी अनदेखी की जा सकती है। और यह भी कि यौन शोषण व बलात्कार के देश भर में रोज घटित होने वाले तमाम मामलों में पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार करने के बाद चूंकि हर पीड़िता व उसका परिवार मात्र प्राथमिकी दर्ज करने के लिये निचली अदालतों,उच्च न्यायलय या सर्वोच्च न्यायलय के द्वार नहीं खटखटा सकता इसलिये न जाने कितने आरोपी रोज ही बच जाते होंगे और कितनी ही पीड़िताओं को न्याय नहीं मिलता होगा। और हर पीड़िता न तो आंदोलन कर सकती है न ही न्याय के लिये इतना संघर्ष कर सकती है। नतीजतन देश में बलात्कार व यौन शोषण की घटनाओं में निरंतर इजाफा होता जा रहा है। पहलवान आंदोलन से निःसंदेह कुछ निष्कर्ष तो यह भी निकलकर सामने आते ही हैं।

## कविता

### बेवफा इश्क

एक आस थी सीने में कि उसे छलनी कर दिया,
दीदार था, तू एतबार था, मोहब्बत को नमी कर दिया,
दिल्लगी भी क्या पाया, मैंने तुझे अपना बनाकर,
क्या पाया अपना लुटाकर, तेरी चाहत अपनाकर,
सबकुछ खो दिया मेरा, मेरी जीत में छिपी हार है,
एक तीर सा चला और छल दिया मुझे, वो वार है,
सोचा था कि दुनिया मेरी, तुझमें ही सिमट जाएगी,
मेरा अस्तित्व खो न रूह रोएगी, यूं उम्र मिट जायेगी,
गुरुर था, ये भ्रम था मेरा, इस दिल से हटा दिया तूने,
नहीं है दिल्लगी, कभी न थी वफा ये बता दिया तूने,
दिल तो मेरा सच्चा था मासूम नन्हा सा बच्चा था,
तूने तो छीन ली मेरी खुशियां प्यार तेरा कच्चा था,
तेरे इश्क ने मुझे बेईमान कर, जार-जार नीलाम किया,
बहुत खास थी, पर तूने आम कर मुझे बदनाम दिया

शालमली श्रेयांकर

---------

# पहलवानों के मामले में पटाक्षेप का वक्त

प्रेम शर्मा

**निश्चित** तौर पर पहलवानों के मामले में अब पटाक्षेप हो जाना चाहिए। इससे केवल पहलवानों एवं सांसद ब्रजभूषण शरण के साथ सरकार की अस्मिता पर ढेरों सवाल उठ रहे है। यह ऐसा मामला है जो वैश्विक स्तर पर भारत की साख को खराब कर रहा है। यह ऐसा मामला है जिससे विपक्ष को राजनीति करने का मौका मिल रहा है। वैसे तो काफी जद्दोजहद के बाद सात महिला पहलवानों की यौन उत्पीड़न की शिकायत के मामले में शुक्रवार को आखिर दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज कर ली। लेकिन इस मामले में अब तक पुलिस और खेल प्रशासन का जैसा ढीला-ढाला रवैया रहा है। उससे उपजे सवाल इस पेशकश से समाप्त नहीं हुए हैं। कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड लाकर देश का नाम ऊंचा करने वाली महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, यही अपने आप में इतनी बड़ी बात थी कि देश के पूरे खेल ढांचे को अलर्ट मोड में आ जाना चाहिए था। अब पुलिस इस मामले में बालिग और नाबालिंक को लेकर उलझी दिखाई पड़ रही है। हालाकि महिला पहलवान के पिता बालिग और नाबालिक को लेकर अदलबदल कर बयान दे चुके है।लेकिन इतने लम्बे अरसे बाद मामले में अपनी तरफ से पूरी तहकीकात करते हुए यह बात शीशे की तरह साफ कर देनी चाहिए थी कि मामला क्या है। किसकी कितनी और कैसी गलती है और उसके लिए उन्हें किस तरह की सजा दी जा रही है। मगर लगभग तीन महीनों में जांच-पड़ताल के नाम पर जो कुछ हुआ, उसका नतीजा तक सार्वजनिक नहीं किया गया। न तो शिकायत करने वाले संतुष्ट हुए और न आरोपों के घेरे में आए लोग बेकसूर साबित हुए। इस ढीले-ढाले रेस्पॉन्स का ही परिणाम था कि महिला पहलवानों को एक बार फिर जंतर-मंतर पर बैठना पड़ा था। सबसे खास बॉत यह मामला 18 जनवरी 2023 को शुरू हुआ था। जब पहलवान सुप्रीम कोर्ट गए और कोर्ट ने कड़ा रुख दिखाते हुए मामले की गंभीरता का अहसास कराया, तब भी पुलिस ने पहले यही कहा कि वह कुछ जांच करना चाहती थी, लेकिन अगर कोर्ट कहे तो एफआईआर दर्ज कर लेगी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने पर अपनी तरफ से कह दिया कि वह आज ही एफआईआर दर्ज कर लेगी। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर किन बातों ने पुलिस को रोक रखा था और किन वजहों से उसका रुख बदला।

ऐसे में स्वाभाविक ही कोर्ट उसकी इस दलील से सहमत नहीं हुआ कि एफआईआर दर्ज करने के फैसले के बाद याचिकाकताओं की मांग पूरी हो गई है, इसलिए कोर्ट को यह मामला बंद कर देना चाहिए। प्रर्शनकारी पहलवानों ने धरने की शुरूआत 23 अप्रैल को बीजेपी सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ की थी। बृजभूषण पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। पहलवानों की मांगे पूरी नहीं होने पर 21 मई यानी रविवार को खाप पंचायत हुई थी।

## विचार

# बाल श्रम पर लगे लगाम

रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत में सबसे अ**धिक आबादी नवयुवकों की है। इसीलिए इसे युवाओं का देश कहा जाता है। युवा शक्ति के बल पर ही भारत विश्व का सिरमौर देश बनने का प्रयास कर रहा है। इतना होने के उपरांत भी आज भारत में बड़ी संख्या में बाल श्रमिक कार्यरत है। जो भारत की युवा शक्ति पर एक बदनुमा दाग लगाते हैं। युवा शक्ति वाले देश में बच्चों से काम करावाना जहां युवा शक्ति का अपमान है वहीं देश की छवि भी खराब करता है। इसके लिए सरकार व समाज को मिलकर देश में बाल मजदूरी की प्रथा को बंद करवाना होगा। तभी सही मायने में विकसित भारत बन पाएगा। बच्चों को जिस उम्र में खेलना-कूदना, पढ़ना चाहिए। उस नन्ही सी उम्र में वह अपने परिवार का पेट पालन के लिए विभिन्न कल-कारखानों, लोगों के घरों पर, खेत खलिहान में व अन्य स्थानों पर काम करते नजर आते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को कठोर काम करते देखकर लोगों का हृदय द्रवित हो जाना चाहिए मगर ऐसा होता नहीं है। बहुत से घरों में छोटे बच्चों को घरेलू कामगार के रूप में काम करते देखा जा सकता है। जहां संपन्न परिवारों के बच्चे अच्छे और महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। वही उसी घर में एक गरीब मां बाप का छोटा बच्चा उनके घरेलू काम करता नजर आता है। एक देश में समाज की दो व्यवस्थाएं देखी जा सकती है। यह समाज ही नहीं देश के विकास की राह में भी सबसे बड़ी बाधा है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इसके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है। उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है। उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करने व उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। बाल मजदूरी और शोषण के अनेक कारण हैं। जिनमें गरीबी, सामाजिक मापदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी शामिल हैं। ये सब वजहें सिर्फ कारण नहीं बल्कि भेदभाव से पैदा होने वाली सामाजिक असमानताओं के परिणाम हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों, करोड़ों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं। जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी हो गये। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश का हर नागरिक शिक्षित नहीं होगा तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए। जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निदेशों की आवश्यकता है जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फुर्सत या खाली समय के उपयोग की उत्तमता

विजय गर्ग

**बेरहम** कोरोना महामारी ने चाहे जितना कहर मनुष्य जाति पर ढाया हो, पर निश्चय ही इसने कुछ सबक भी दिए हैं। इसके दिए कई सबकों में से एक है कुछ न करने की विलक्षण कला का विकास! लंबा चलने वाली पूर्णबंदी और सामाजिक दूरियां, कुछ भी न करना दरअसल सीखने के सुनहरे अवसर ही तो थे। उन दिनों एक सेवानिवृत्त परिचित से फोन पर बात हुई कि आप क्या करते हैं आजकल दिन भर, तो उत्तर मिला कि वही जो जिंदगी भर मजे में करता रहाङ्क यानी कुछ नहीं। इसी आशय के सवाल पर एक अन्य सज्जन का उत्तर कुछ अधिक स्पष्ट था कि सुडोकु, क्रासवर्ड और ब्रिज में दो-तीन घंटे शानदार निकल जाते हैं, फिर दिन भर कुछ न करते-करते इतना थक जाते हैं कि थोड़ा विश्राम जरूरी हो जाता है।

कई बार ऐसा लगता है कि खाली बैठने या कुछ न करने को निकम्मेपन की संज्ञा देना आखिरी तौर पर ठीक बात नहीं है। खिड़की से बाहर शून्य में ताकते हुए पूरा दिन बिता देना भी एक कला है और इस तरह खिड़की से बाहर एकटक ताकते हुए किसी लेखक को निकम्मा कह कर कोसने वाले लोग यह नहीं समझ सकते कि वह लेखक इस समय कुछ न करते हुए भी कुछ कर रहा होता है। कौन जाने किस ओडिसी या मेघदूतम जैसे महाकाव्य की रचना इसी तरह के समय में हो रही हो! वैसे भी कुछ न करते हुए सारा दिन बिताने पर ऐसा करने वाले व्यक्ति को किसी अपराध भावना से ग्रसित होने की आवश्यकता नहीं है। शुरू में इससे किसी को थोड़ी बेचैनी, उदासी या बोरियत का अनुभव हो सकता है, पर धीरे-धीरे कुछ न करने के आलस्य का सृजनात्मक महत्त्व व्यक्ति को समझ में आने लगेगा। इसी सृजनात्मक आलस्य का जिक्र रोमांटिक कवि कीट्स ने अपनी कविता ओड आन इन्डोलेंस में किया है।

यहां मधुमय आलस्य में डूबा हुआ कवि अधमुंदी आंखों से प्रेम। महत्त्वाकांक्षा और काव्य की आकृतियों को घूमते हुए कलश पर उभर कर विलुप्त होते हुए देखता है। इनमें से कोई भी आकृति उसे अपनी अर्धसुप्त अवस्था से बाहर आने के लिए लालायित करने में असमर्थ है।

# कर्नाटक के बाद प्रियंका ने उठाया मध्यप्रदेश का बीड़ा

शकील अख्तर

**नफरत** और विभाजन का एक और भयानक रूप महिला पहलवानों की पीड़ा में देखिए। किसी भी देश समाज में मजबूती का प्रतीक पहलवान हमेशा से होते आए हैं। मगर आज यह पहली बार है कि पहलवानों को वह भी महिला पहलवानों को घेर कर हराया जा रहा है। वह भी अखाड़े के बाहर! कर्नाटक के बाद प्रियंका गांधी का खौफ बढ़ गया। उनके जबलपुर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी सबसे बड़ी स्कीम लाडली बहना को लेकर जबलपुर पहुंच गए। वहां से उन्होंने अपनी इस योजना को लांच किया। जबलपुर से ही कांग्रेस का चुनाव अभियान शुरू हो रहा है और इसके लिए कमलनाथ ने बिल्कुल सही व्यक्ति का चुनाव किया। उन प्रियंका गांधी का जो पिछले चार सालों में कांग्रेस को मिले दो राज्यों हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की जीत का निर्णायक फेक्टर थीं। 2018 के अंत में कांग्रेस ने तीन राज्य जीते थे। फिर लंबे सूखे के बाद पिछले साल के अंत में हिमाचल और अब कर्नाटक जीता है।

दोनों राज्यों के चुनावों में मेन स्ट्राइकर प्रियंका रहीं। इसलिए उनके जबलपुर आकर कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरूआत करने की खबर ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज को बेचैन कर दिया। मध्यप्रदेश में इस बार चुनाव बिल्कुल उल्टा है। इससे पहले वहां कांग्रेस गुटों में बंटी होती थी और भाजपा पार्टी के तौर पर चुनाव लड़ती थी। इस बार कांग्रेस एक है। दोनों बड़े नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह मिलकर काम कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी में यह पहली बार है कि वहां पार्टी में गुट ही गुट हैं। दिग्विजय के शब्दों में तीन भाजपा हैं। शिवराज भाजपा, महाराज भाजपा और नाराज भाजपा। पार्टी जब कमजोर होती है तो उसके अन्तर्विरोध सामने आने लगते हैं। यही इस समय मध्यप्रदेश भाजपा में हो रहा है। हर जगह से विद्रोह और नाराजगी की खबरें आ रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा की कोई हैसियत नहीं है। दरअसल उनके प्रभाव पर तो उसी दिन ग्रहण लग गया था जब उनकी पत्नी को भाजपा के लोगों ने ही इतना ट्रोल किया था कि उन्हें अपना ट्वीट डिलिट करना पड़ा था।

# विधानसभा उपचुनाव के लिए तैयार रहना है : राम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**प्रदेश कांग्रेस** के कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुज्जर व हल्का विधायक शैली चौधरी ने स्थानीय गुज्जर भवन में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक ली और अम्बाला लोकसभा के संभावित उपचुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का आह्वान किया साथ ही गांव में बूथ स्तरीय कमेटियां बनाने के दिशानिर्देश भी दिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए गुज्जर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अम्बाला लोकसभा का सम्भावित उपचुनाव होगा या नही होगा। यह चुनाव आयोग व सरकार तय करेगी लेकिन हमें हर समय इसके लिए तैयार रहना है इसके लिए अपना बूथ मजबूत करना है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 सदस्य बनाने है उन्होंने कहा कि आज माहौल भाजपा सरकार की गलत नित्तियो के कारण सरकार के विपरीत है और हमारे पक्ष में है जनता सरकार को उखाड़ फेकने का निर्णय कर लिया है। ऐसे में आज की गई मेहनत चुनावो में अवश्य रंग दिखाएगी और आज जो विकास, रोजगार से क्षेत्र व प्रदेश वंचित है वह पुनः विकास की पटरी पर लौटेगा।विधायक शैली ने भी कार्यकर्ताओ से मुखातिब होते हुए कहा कि बूथ स्तरीय कमेटियों में महिलाओं को व सर्वसमाज के लोगो को शामिल करें क्योंकि कांग्रेस का हाथ सबके साथ रहा है।



बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए राम किशन गुज्जर ने उपचुनाव के लिए कांग्रेस कंहा खड़ी है के सवाल पर कहा कि हम उपचुनाव के साथ साथ आम चुनाव के लिए भी तैयार है अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा के सवाल पर उनका कहना था कि यह तो पार्टी हाई कमान का अधिकार क्षेत्र है वही तय करेगा लेकिन दो बार अम्बाला का कुशल प्रतिनिधित्व कर चुकी कुमारी सैलजा सबसे उचित चेहरा है। भाजपा सरकार को हर वर्ग विरोधी करार देते हुए कहा कि इस सरकार का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही है ऐसा कोई वर्ग नही है जो भाजपा सरकार के हाथों पिटा न हो। इस सरकार ने एमएसपी मांगने पर किसान को पीटा, ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली की मांग पर कर्मचारी को पीटा, पंचायती राज अधिनियम में प्रदत अधिकार मांगने पर सरपंचो को पीटा, यौन उत्पीड़न के खिलाफ न्याय मांगने पर देश के गौरव पहलवानों को प्रताड़ित किया।

**▶▶एनडीसी को समाप्त करने के लिए वह इसे पार्टी के घोषणा पत्र में भी शामिल करवाने का प्रयास करेंगे**

पोर्टल में उलझाया लोगो कोः- कांग्रेस नेता बे कहा कि इस सरकार ने प्रदेश की जनता को पोर्टल के मकड़जाल में उलझा रखा है पीपीपी हो या एनडीसी हो,मेरी फसल मेरा ब्यौरा हो सबने आम जनता को परेशान करके रख छोड़ा है , एनडीसी से भ्ष्टार्चार बढ़ा है, किसान को फसल तैयार करने के बाद इंतजार करना पड़ता है कि पोर्टल पर कब उसे फसल बेचने के लिए बुलावा आये, परिवार पहचान पत्र ने तो लोगो को कांग्रेस सरकार द्वारा 2013 में दी गई खाद्य सुरक्षा को ही समाप्त कर दिया है छोटे बच्चों की आय दिखा कर राशन कार्ड काट दिए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर इस पीपीपी को तो समाप्त किया जाएगा और उनका प्रयास रहेगा कि एनडीसी से भी छुटकारा मिले और एनडीसी को समाप्त करने के लिए वह इसे पार्टी के घोषणा पत्र में भी शामिल करवाने का प्रयास करेंगे।

# विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के लिए पुलिस ने चलाया सर्च अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) माननीय** पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला छावनी श्री शिबास कबिराज के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों ने आज 11 जून 2023 को प्रातः 05 बजे से जिला में पड़ने वाले सभी नैशनल हाईवे व अन्य मार्गों के दोनों ओर 100 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री व अन्य सन्दिग्ध वस्तु/व्यक्ति का पता लगाने के लिए विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में अम्बाला पुलिस की 31 टीमों में लगभग 420 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान स्नीफर डॉग/डीप मैटल डिटैक्टर की सहायता से नैशनल हाइवे नम्बर 152 हिसार रोड, नैशनल हाइवे नम्बर 65 बलदेव नगर से बलाना, नैशनल हाइवे नम्बर 44 शम्भु बार्डर से मोहड़ा, नैशनल हाइवे नम्बर 22 पुराना किंगफीशर से पंजाब बार्डर लालड़ू, नैशनल हाइवे नम्बर 344-ए बलदेव नगर से शहजादपुर, नैशनल हाइवे नम्बर 444-ए बस स्टैण्ड अम्बाला छावनी से साहा दिनारपुर, नैशनल हाइवे नम्बर 73 पुराना साहा से शहजादपुर, नैशनल हाइवे नम्बर 344 साहा से राजू ढाबा, नैशनल हाइवे नम्बर 07 शहजादपुर से नारायणगढ व नारायणगढ से काला आम्ब कुल 10 नैशनल हाइवे अन्य मार्गों पर 229 किलोमीटर का क्षेत्र चैक किया गया।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना, पुलिस चैकी व यनिट ईन्चार्जों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में भी थानाधिकार क्षेत्रों में आमजन की सुरक्षा, कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने, सन्दिग्ध वस्तु/व्यक्ति या किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के लिए समय-2 पर सर्च अभियान चलाए जाएँ जिससे समय रहते किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी सन्दिग्ध वस्तु को हाथ न लगाऐं वह बम्ब हो सकता है और उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें। अम्बाला पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है, सन्दिग्ध की सूचना पुलिस को देकर सहयोग करें नागरिक।

## न्यूज फ्लैश

### तीन दिवसीय गुरमत समर कैम्प की यात्रा शुरू: टी.पी सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
गुरबाणी कंठ प्रतियोगिता में उतीर्ण बच्चों को गुरूद्वारा टोका साहब में लगने वाले तीन दिवसीय समर कैम्प में 35 से भी अधिक बच्चों को भाग लेने का अवसर मिला है। जानकारी देते हुए टी.पी. सिंह मैम्बर हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी व इन्द्रपाल सिंह खालसा ने बताया कि पिछले दिनों श्री गुरू हरगोबिन्द साहिब जी के प्रकाश पर्व पर गुरबाणी कंठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। इसमें उत्तीण बच्चों के लिए एक तीन दिवसीय गुरमत समर कैम्प हिमाचल प्रदेश के गुरूद्वारा टोका साहब में लगाया जाना है जिसकी यात्रा गुरूद्वारा रामनगर पालिका विहार से अरदास करने के उपरान्त शुरू की गई। श्रीगुरू हरगोबिन्द साहिब सेवा सोसायटी द्वारा लगाए जा रहे इस कैम्प में बच्चों को अमृतवेला, नितनेम, कीर्तन, नाम सिमरन, प्रश्नोत्तरी, रहणी तथा बहणी और गुरमत आर्ट एण्ड क्राफ्ट बारे जानकारी दी जाएगी तथा अभ्यास भी करवाया जाएगा। इस कैम्प में बच्चों को अभ्यास करवाने के लिए बीबी रविन्द्र कौर, परमिन्द्र कौर, तरनदीप सिंह, मनप्रीत कौर, रमनदीप कौर तथा नवनीत कौर भाग ले रहे हैं।

### हरियाणा जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी ने जीते 6 पदक




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार।।**
**झज्जर** में 5 जून से 8 जून 2023 तक द्वितीय हरियाणा जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने 6 पदक जीतकर सोनीपत जिले को ओवर ऑल चैंपियन बनाया। इस प्रतियोगिता में लगभग 500 बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें 54 किलो भार वर्ग में जतिन ने स्वर्ण पदक, 70 किलो भार वर्ग में यश राणा ने स्वर्ण पदक, 48 किलो भार वर्ग में हर्षित ने कांस्य पदक, 54 किलो भार वर्ग में सारंग ने कांस्य पदक, 75 किलो भार वर्ग में देव ने कांस्य पदक व महिला प्रतियोगिता में 80 किलो भार वर्ग में सुभिका सरोहा ने रजत पदक जीतकर अपनी लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेड़मी का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बॉक्सर्स का प्रदर्शन बेहद ही अच्छा रहा व स्वर्ण पदक जीतने वाले बॉक्सर 9 जुलाई से 14 जुलाई, 2023 तक ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी व ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।

# प्रापर्टी आई.डी. में त्रुटियों को लेकर लगाए गए कैंपों का मेयर ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सैक्टर-9 कम्युनिटी सैंटर, नगर निगम व जग्गी कालोनी में प्रापर्टी आई.डी में आ रही त्रुटियों को ठीक करने के लिए लगाए गए कैंपों का निरीक्षण किया। दूसरे दिन अम्बाला शहर के 4 अलग-अलग हिस्सों में स्पैशल कैंप लगाए गए जिसका अम्बाला की प्रथम महिला मेयर शक्ति रानी शर्मा ने निरीक्षण किया इस दौरान कर्मचारियों को जनता का काम समय पर करने की सलाह भी दी और जरूरत पड? पर कइयों को फटकार भी लगाई। शक्तिरानी शर्मा ने जनता की समस्याओं को सुनकर कर्मचारियों को उसका निवारण करने के आदेश भी जारी किए। वहीं मीडिया से बात करते हुए मेयर शक्तिरानी शर्मा ने बताया की प्रॉपर्टी आई.डी. में आई हुई त्रुटियों को ठीक करने के लिए कैंप लगाया गया है जिसमें लोग अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं और कर्मचारी मौके पर ही उसका निवारण कर रहे हैं और जिन खामियों को मौके पर नहीं दूर किया जा रहा उन्हें भी जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।



# 347 लोगों ने उठाया निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल, लक्ष्मी नगर में लगाया गया। कैंप का 347 लोगों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में अम्बाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने विशेषतौर पर शिरकत की। इस दौरान स्कूल प्रशासन ने मेयर शक्तिरानी शर्मा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं आज कैंप में आ रही जनता का इलाज कर रहे डाक्टरों को भी सम्मानित किया। कैंप में कपिल आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. तुषार गोयल ने 88 लोगों की आंखें जांचीं जिन लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया है उनके लैंस कपिल आई अस्पताल अस्पताल से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डलवाए जाएंगे।

वहीं, जिंदल हैल्थ केयर से अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आर.सी. जिंदल ने 78 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया।



अंबाला छावनी के सुभाष पार्क में एक्शन इंडिया पढ़ते पूर्व पार्षद कमल किशोर जैन, उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम राणा, काकू दास, पुनीत सरपाल, व अन्य पाठक। कमल किशोर जैन ने कहा की अंबाला के साथ साथ देश-विदेश की सभी खबरों को हम तक पहुंचाता है एक्शन इंडिया।

# जिले में सोमवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई केस

**सोनीपतः** अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि सोमवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है।

# यातायात पुलिस ने किए 46 भारी वाहनों के चालान

## अब तक 19454 भारी वाहनों के किए जा चुके चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 11 जून 2023 को 46 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 403 दिनों में 19454 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है।

**▶▶ गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 46 भारी वाहनों के चालान किए**

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 11 जून 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 46 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 'आईएमटी खरखौदा का श्रेय लेने की लगी होड सीएम-डिप्टी सीएम'



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा-सोनीपत**
**खरखौदा** के विधायक जयबीर खरखौदा व पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने भाजपा-जजपा गठबंधन पर ताबड़तोड़ वार करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार से जनता तंग आ चुकी है और अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन कांग्रेस की उपलब्धियों का श्रेय खुद लेने में जुटी रहती है, जबकि धरातल पर गठबंधन सरकार ने जनता को समस्याओं के अलावा कुछ नहीं दिया।

खरखौदा के विश्राम गृह में विधायक जयबीर खरखौदा व पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। विधायक जयबीर खरखौदा ने कहा कि आईएमटी खरखौदा से क्षेत्र के विकास को नये आयाम मिलेंगे। सही मायनों में आईएमटी खरखौदा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की देन है, जिनकी दूरदर्शिता व विकासवादी सोच के चलते यह संभव हुआ। किंतु आज प्रदेश के मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री दोनों ही इसका श्रेय लेने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री व उप-मुख्यमंत्री में स्वयं भी आईएमटी का श्रेय लेने की होड लगी हुई है। जबकि आईएमटी की नींव रखने वाले भूपेंद्र सिंह हुड्डा हैं जिन्होंने खरखौदा के विकास को मजबूती देने के लिए यह कदम बढ़ाये। उन्होंने कहा कि बात चाहे खरखौदा बाईपास की हो अथवा तहसील, कालेज, अस्पताल और मंडी की हो यह सब देन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की है। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने कहा कि विधायक जनता की वोट से बनता है न कि किसी के कहने से। उप-मुख्यमंत्री के कहने से मैं विधायक नहीं बना हूं। मुझ पर आज पार्टी छोडने के साथ पैसा कमाने के अनर्गल एवं निराधार आरोप लगा रहे हैं। मैंने हमेशा जनता की ईमानदारी से सेवा की है और सरकार से कोई लाभ नहीं उठाया। उन्होंने चुनौती दी कि उनकी सरकार है वे उनकी जांच करवा लें। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है। मुझे लोगों ने विधायक बनाया था और मैंने हमेशा जनता की सेवा की। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने उप-मुख्यमंत्री से सवाल किया कि वे बतायें भाजपा-जजपा सरकार बनने पर उन्होंने खरखौदा के किसी एक युवक को भी रोजगार दिया है क्या। जबकि हमने सरकार में रहते हुए खरखौदा के हजारों बच्चों को रोजगार देने का काम किया। उन्होंने कहा कि उप-मुख्यमंत्री खरखौदा में जनसभा करके चले गए, किंतु क्षेत्र अथवा क्षेत्रवासियों के लिए एक भी घोषणा नहीं की।

# सैंकड़ों युवाओं ने थामा हरियाणा जनचेतना पार्टी का दामन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा जनचेतना पार्टी कार्यालय, माडल टाऊन अम्बाला शहर में मेयर व हजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती शक्तिरानी शर्मा के समक्ष अम्बाला शहर के विभिन्न वार्डों से सैंकड़ों युवाओं ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर हजपा का दामन थामा। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने आए हुए सभी युवाओं का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता राणा मदनमोहन ङ्क्षसह (पूर्व सरपंच घेल) ने कहा कि आज अम्बाला का युवा पढ़े-लिखा होने के बावजूद रोजगार के अभाव में इधर-उधर भटक रहा है तथा अम्बाला का अधिकतर युवा रोजगार की तलाश में अपनी जन्मभूमि को छोड़कर विदेशों की ओर रुख कर रहा है। 2005 में जब पहली बार विनोद शर्मा जी अम्बाला के विधायक बने थे तो उसके उपरांत उन्होंने कहा था कि अब अम्बाला के युवाओं के साथ अन्याय सहन नहीं होगा और सरकारी नौकरियों में अम्बाला का हिस्सा कोई छिन नहीं सकेगा। उनकी जो कथनी थी वो उन्होंने करके दिखाई और अम्बाला में युवाओं को हजारों की तादाद में सरकारी नौकरियां भी मिलीं। शहर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, विनोद शर्मा ने शहर की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सब स्टेशनों का निर्माण करवाया, नहरी पेयजल से शहर में पीने के पानी की व्यवस्था की, अम्बाला के हर इलाके में सड़कों व नालियों का नवनिर्माण करवाया।



मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सभी युवा साथियों का हजपा में स्वागत करने के उपरांत कहा कि जो विश्वास आज आपने अपने नेता विनोद शर्मा की नीतियों व पार्टी में जताया है उसे हर हाल में निभाया जाएगा। आप सब आज से विनोद शर्मा जी के परिवार का हिस्सा हो तथा आपका पार्टी में वही सम्मान है जो पार्टी के पुराने साथियों का है। वहीं शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का सपना था कि अंबाला के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए आईएमटी लगाना जरूरी है और हमें विश्वास है कि विनोद शर्मा के आने के बाद आईएमटी जरूरत लगेगी। इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा के साथ पार्टी के वरिष्ठ कमल सिंगला राजकुमार गुप्ता, विशाल राणा, हन्नी, आदित्य शर्मा, अंकुश, प्रमोद, चिराग, अंकित, सन्नी, प्रवीन, कर्मजीत, सूरज सिंह, रविंद्र बिष्ठ, गगनदीप, भगवंत सिंह गौरव कुमार, तनवीर सिंह अमरजीत सिंह, सुखराज सिंह, मन्नी, बलवंत सिंह विक्रम सिंह, दिवेश, साहिल, कुनाल, हर्ष, अनिल कुमार, तरुणप्रीत सिंह, गुरजंट सिंह अवतार सिंह, हरजोत सिंह सुरजीत सिंह, रिपुदमन, कमल दुआ, अमर के अलावा विनीत भाई, रूद्र भाई, अंकित, प्रिंस, विनय बख्शी, पंकज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# सीएम केजरीवाल का उत्तम नगर को स्कूल बिल्डिंग का तोहफा

## पहले इस स्कूल को टिन-वाले स्कूल के नाम से जानते थे लोग, स्कूल की नई और शानदार बिल्डिंग किसी भी प्राइवेट स्कूल को दे रही मात, शिक्षा में हो रहे काम को हम रूकने नहीं देंगे-केजरीवाल

**तोहफा**

● सीएम अरविंद केजरीवाल ने उत्तम नगर में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर को शानदार स्कूल बिल्डिंग का तोहफा दिया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने उत्तम नगर में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। पहले लोग इस स्कूल को टिन-वाले स्कूल के नाम से जानते थे। 37 साल बाद टिन वाले स्कूल से मुक्ति मिलने पर इलाके के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह स्कूल 1985 से टीन शेड में चल रहा था, जहां करीब 1600 बच्चियां छठीं से 12वीं तक शिक्षा ले रही हैं। ढाई साल से कम समय में बनकर तैयार हुए इस शानदार स्कूल में लिफ्ट समेत सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ 104 रूम है। इसमें 41 रूम क्लास के लिए इस्तेमाल होंगे। जबकि 12 रूम लैब, दो लाइब्रेरी, एक मल्टी परपज हॉल समेत अन्य जरूरतों के लिए उपयोग किए जाएंगे। इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा क्रांति को और मजबूती देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि स्कूल की नई और शानदार बिल्डिंग किसी भी प्राइवेट स्कूल को मात दे रही है। शिक्षा में हो रहे काम को हम रूकने नहीं देंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पहले शिक्षा पर बात नहीं होती थी और राजनीतिक मुद्द से स्कूल गायब था:** सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह स्कूल 1985 में बना था। स्कूल को बने 37 साल से ज्यादा हो चुके हैं। इस बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें बनीं, लेकिन किसी के राजनीतिक एजेंडे स्कूल अहमियत नहीं रखते थे। स्कूल ठीक करने, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और गरीबों के बच्चों को आगे बढ़ने का मौका देने को लेकर राजनीति में बात ही नहीं होती थी। राजनीति मुद्दे स्कूल गायब था। न तो कांग्रेस कहती थी कि हम आएंगे तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे और न भाजपा कहती थी।

लेकिन राजनीति में आने के बाद हमने यही कहा कि हमें वोट देंगे तो हम आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। हमारी पूरी राजनीति ही बच्चों की अच्छी शिक्षा देने पर आधारित है।

### सरकारी स्कूल बच्चों को अच्छा भविष्य देने जा रहे हैं: सीएम केजरीवाल

**सीएम** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले एक गरीब का बच्चा जब सरकारी स्कूल में आता था तो उसके अंदर बहुत हीन भावना होती थी कि मैं कैसे स्कूल में जा रहा हूं। राजनीति में आने से पहले हम कई एनजीओ के साथ मिलकर झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर काम करते थे। तब मैंने देखा कि एक ही घर के अंदर अगर एक बेटी और एक बेटा है, तो माता-पिता बेटी को सरकारी स्कूल में भेज देते थे और किसी तरह अपना पेट काटकर बेटे को किसी छोटे-मोटे प्राइवेट स्कूल में पढ़ने भेज देते थे। उस बेटी के अंदर वहीं से हीन भावना होने लगती थी कि मैं तो बेकार से स्कूल में जा रही हूं। उसे यह कभी लगता ही नहीं था कि मैं पढ़ाई करने स्कूल जा रही हूं। उस वक्त बस यही होता था कि लड़की अगर 8वीं या 12वीं तक पढ़ जाएगी तो उसकी शादी कर देंगे। लेकिन अब दिल्ली के अंदर जिस तरह के शानदार सरकारी स्कूल बन रहे हैं, ये बच्चों को अच्छा भविष्य देने जा रहे हैं। आज ऐसे ढेरों माता-पिता हैं, जो अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए भेज रहे हैं। अब सरकारी स्कूलों में आ रहे बच्चों के अंदर हीन भावना नहीं है, बल्कि वे जबरदस्त आत्मविश्वास के भरे हुए हैं कि हम भी जिंदगी में कुछ कर सकते हैं और हम भी भारत के विकास में शामिल होकर भारत माता के सपनों को साकार कर सकते हैं।

### आज एक और स्कूल टिन शेड से शानदार बिल्डिंग में तब्दील हुआ: आतिशी

**दिल्ली** की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि आज दिल्ली का एक और स्कूल टिन शेड से शानदार बिल्डिंग में तब्दील हो गया। आज जब इस स्कूल की कुछ पुरानी तस्वीरें देखी और उसी जगह यह नई विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस स्कूल को देख रही हूं तो पहले और अब के स्कूल में जमीन-आसमान का अंतर है। यह शानदार स्कूल पढ़ रही बच्चियों के सपनों को नई उड़ान देगा। मुझे बेहद खुशी है कि कभी टिन शेड में चलने वाला यह स्कूल आज शानदार बिल्डिंग वाला स्कूल बन गया है। यह स्कूल 1985 में बना था और आज भी यह टिन शेड में ही चलता था। टिन शेड स्कूल में पढ़ते समय बच्चियों को विभिन्न तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दौरान क्लास रूम में पानी भी टपकता था, गर्मी में क्लास रूम टपकता था। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली में सैकड़ों ऐसे स्कूलें थे जो बदहाल थे। क्लास रूम में पंखे टूटे होते थे, खिड़कियां टूटी थीं, बच्चों के लिए टॉयलेट नहीं होते थे। स्कूलों की ऐसी स्थिति देखकर दिल्ली के पैरेंट्स भी यही सोचने लगे थे कि शायद सरकारी स्कूल ऐसे ही होते हैं।



भाजपा सासंद प्रवेश वर्मा मंगलापुरी मंडल के महावीर इंकलेव में भगत चंद्रा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एस मोहन मुलाकात की और उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं।

# अलीपुर इलाके में यमुना में नहाने गया यूपीएससी का छात्र डूबा

**हादसा**

● जानकारी के मुताबिक करीब 4 से 5 की संख्या में लोग यमुना में नहाने आए थे। इसी क्रम में एक शख्स डूब गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी उत्तरी** जिले के अलीपुर इलाके के झंगोला ठोकर नंबर 6 यमुना नदी में नहाने गए यूपीएससी के छात्र की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक करीब 4 से 5 की संख्या में लोग यमुना में नहाने आए थे। इसी क्रम में एक शख्स डूब गया। डूबे शख्स की पहचान 25 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है। वह यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। वह अपने दोस्तों के साथ यमुना किनारे घूमने आया था और इसी दौरान वह यमुना में उतरकर नहाने लगा। जानकारी के मुताबिक, पानी का बहाव काफी तेज था, जिसके चलते शव निकालने में काफी मश्क्कत करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि यमुना में पहले भी इस तरीके के हादसे हो चुके हैं। लोग भीषण गर्मी के कारण यमुना में नहाने जाते हैं और आगे बढ़ने के बाद दलदल में फंसकर हादसों का शिकार हो जाते हैं।

# सरकार ने कोरोना योद्धा के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी

## एम्स में बने कोविड हेल्थ सेंटर की जिम्मेदारी उठा रहे थे

**आर्थिक मदद**

● कोरोना वॉरियर डॉ संजय कुमार गुप्ता बतौर चिकित्सा अधीक्षक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में कार्यरत थे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार के श्रम एवं समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने कोविड महामारी के समय लोगों की जान बचाते हुए कोरोना की चपेट में आकर जान गंवाने वाले कोरोना योद्धा डॉ संजय कुमार गुप्ता के परिवार से मुलाकात की और उन्हें केजरीवाल सरकार की ओर से एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान श्रम एवं समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने बताया कि कोरोना वॉरियर डॉ संजय कुमार गुप्ता बतौर चिकित्सा अधीक्षक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में कार्यरत थे। वह अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में बने कोविड हेल्थ सेंटर की जिम्मेदारी उठा रहे थे, जिसके लिए वह रोजाना कोविड वॉर्ड का दौरा करते थे। इसी तरह अपनी ड्यूटी निभाते हुए डॉ संजय कुमार गुप्ता कोरोना की चपेट में आ गए और उनका निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के समय दूसरों की सेवा करते हुए कोविड की चपेट में आकर जान गंवाने वाले दिल्ली के कई कोरोना योद्धाओं के परिजनों को केजरीवाल सरकार एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दे चुकी है। श्रम एवं समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद गुरुवार को कोरोना योद्धा स्वर्गीय डॉ संजय कुमार गुप्ता के परिवारजनों से मिलने सरिता विहार स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान पहुंचे। इस दौरान श्रम एवं समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने डॉ संजय कुमार गुप्ता की पत्नी मंजू गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। दिल्ली सरकार के मंत्री ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी और भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पाए, लेकिन मुझे उम्मीद है कि परिजनों को इस आर्थिक मदद से अपना भविष्य संवारने एवं जीवन यापन में थोड़ी सहायता मिलेगी।

# मेघवाल ने गिनाईं सरकार की नौ साल की उपलब्धियां



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बीते 9 साल के समय को हम सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कालखंड कह सकते हैं। इस काल खंड में कई गुमनाम नायकों की पहचान की गई। ये ऐसे नायक थे जिन्हें इतिहास में महत्व मिलना चाहिए था लेकिन आजादी के बाद की सरकारों को वो नाम ठीक नहीं लगे। उन्होंने कहा कि जिस महत्व के वो हकदार थे, उनको वो नहीं मिला। इन नामों में दो बड़े नाम हैं- सरदार वल्लभ भाई पटेल और दूसरे बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ऐसे ही गुमनाम नायकों में शामिल 'दुर्गा भाभी' का नौजवान पीढ़ी से परिचय करवाने के लिए हमने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से उनका एक ड्रामा बनवाया। इस ड्रामा को अलग-अलग जगहों पर दिखाया तो उनका संघर्ष देख नई पीढ़ी के कई लोग रोने लगे। मोदी ना आते तो, हमारी ये पीढ़ी क्रांतिकारियों की मददगार रही दुर्गा भाभी के बारे में जान ही ना पाती। उन्होंने बताया कि सदियों से असंख्य अमूल्य कलाकृतियां, जिनमें से कुछ गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की थीं, चोरी करके विदेशों में तस्करी की गई थीं। मोदी सरकार ने उन्हें वापस लाने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया। कुल 251 पुरावशेषों को अब तक भारत वापस लाया गया है, जिनमें से 238 को 2014 से वापस लाया गया है। यानी 2014 से पहले वापस लाई गई।

# दिल्ली में धर्मांतर । गैंग: संदीप को बनाया अब्बास

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के तुर्कमान गेट के पास रैन बसेरे में एक शख्स को हिंदू से मुस्लिम बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी है कि साल 2019 के दौरान मोहम्मद कलीम नाम के शख्स ने संदीप सागर नाम के शख्स पर धर्म परिवर्तन का लागातार दबाव बना रहा था। कथित धर्मांतरण की धमकी की प्राथमिकी पर डीसीपी सेंट्रल दिल्ली संजय कुमार सैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। पता चला है कि जिस व्यक्ति का संदर्भ हुआ था वह पहले हिंदू था। लेकिन अब वह मुस्लिम बन गया है। पता चला है कि इस शख्स को परिवार ने घर से बाहर निकाल दिया था।




# सुप्रीम 'रोक': दिल्ली में बाइक टैक्सी अभी नहीं चलेंगी

## पॉलिसी बनने तक करना होगा इंतजार; दिल्ली सरकार बोली- 30 जून तक बना लेंगे

**आदेश**

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी दिल्ली में बाइक टैक्सी नहीं चलाई जा सकेंगी। पॉलिसी बनने तक का इंतजार करना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को आदेश देकर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने कहा था कि पॉलिसी फाइनल होने तक बाइक टैक्सी चल सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अभी दिल्ली में बाइक टैक्सी नहीं चलाई जा सकेंगी। इसके लिए बाइक टैक्सी के ऑपरेशन को लेकर दिल्ली सरकार की पॉलिसी बनने तक का इंतजार करना होगा। दिल्ली सरकार ने कहा है कि वे 30 जून तक दोपहिया टैक्सी के ऑपरेशन के लिए पॉलिसी बना लेंगे। यानी 30 जून तक दिल्ली में ओला, उबर और रैपिडो की बाइक टैक्सी नहीं चलेंगी।

**दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक:** दिल्ली सरकार ने कहा था कि जब तक दोपहिया टैक्सी के ऑपरेशन को लेकर पॉलिसी फाइनल नहीं हो जाती, तब तक बाइक टैक्सी सर्विस न चलाई जाएं। इस पर रैपिडो और उबर जैसी कंपनियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार के इस नोटिस पर स्टे लगा दिया था। साथ ही पॉलिसी फाइनल होने तक एग्रीगेटर्स को सेवाएं जारी रखने का फैसला दिया था। बाइक टैक्सी पर कोई भी एक्शन लेने पर भी रोक लगा दी थी। दिल्ली सरकार ने 26 मई को हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस राजेश बिंदल की वेकेशन बेंच ने सुनवाई करते हुए सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। दिल्ली सरकार ने फरवरी 2023 में राजधानी में बाइक टैक्सी पर तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया था। केजरीवाल सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा था कि सरकार जल्द ही टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर और फोर-व्हीलर एग्रीगेटर्स के लिए नई पॉलिसी लेकर आएगी।



**दिल्ली सरकार बोली- लाइसेंस और परमिट के बिना चल रही बाइक टैक्सी:** बाइक टैक्सी को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि एग्रीगेटर्स की तरफ से दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल बिना प्रॉपर लाइसेंस और परमिट के हो रहा है। एग्रीगेटर के लिए कॉमर्शियल लाइसेंस की जरूरत का प्रावधान मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 93 में है।

### लड़की ने वीडियो कॉल कर की अश्लील हरकत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंस्टाग्राम पर** एक युवक को युवती के दोस्ती के निवेदन को स्वीकार करना भारी पड़ गया। दोनों के बीच पहले तो बातचीत हुई। इसके बाद युवती युवक को वीडियो कॉल कर अश्लील हरकत करने लगी। युवती ने युवक को भी ऐसा करने के लिए कहा। युवक उसकी बातों में आ गया तो कथित युवती ने युवक का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद युवती वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उगाही करने लगी। साथ ही आरोपी युवक के परिवार वालों और जानकार को वीडियो भेजने लगे।

# पहलवान मामले की जांच में दिल्ली पुलिस ने तीन देशों से मांगा सहयोग

## एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार पीड़ित एक बालिग पहलवान ने आरोप लगाया है जब वह मंगोलिया में २०२२ में हुई एशियन चैंपियनशिप में भाग ले रही थी उस समय उसके साथ छेड़छाड़ की गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन उत्पीडन मामले में तीन देशों के कुश्ती फेडरेशन से सहयोग मांगा है। पुलिस ने कजाकिस्तान, मंगोलिया व इंडोनेशिया के देशों को नोटिस भेजकर सीसीटीवी फुटेज व फोटो देने को कहा है। पहलवानों ने इन देशों में हुई कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। इसके अन्य देश में भी नोटिस भेजकर अन्य जगहों से भी फुटेज मांगी है। दूसरी तरफ एक पीड़ित महिला पहलवान ने बयान दिए हैं कि बृजभूषण की मांगों को पूरा नहीं करने पर उसे इतना परेशान किया गया था कि वह डिप्रेशन में चली गई और उसने खुदकुशी का सोच लिया था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ सूत्रों ने बताया कि यौन उत्पीड़न के इस मामले में इसी सप्ताह में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर देगी। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार पीड़ित एक बालिग पहलवान ने आरोप लगाया है जब वह मंगोलिया में २०२२ में हुई एशियन चैंपियनशिप में भाग ले रही थी उस समय उसके साथ छेड़छाड़ की गई। मंगोलिया में ही वर्ष २०१६ में दूसरी महिला पहलवान के साथ भी छेड़छाड़ हुई थी। दर्ज प्राथमिकी में दूसरी महिला पहलवान ने आरोप लगाए हैं कि उसने कगाकिस्तान में हुई जूनियर एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद वह अपने कमरे में सो रही थी। तभी कमरे में एक व्यक्ति आया और कहा कि उसे बृजभूषण बुला रहे हैं। उसे लगा कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष उसे बधाई देने के लिए बुला रहे हैं। यहां पर आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। इसके बाद आरोपी लगातार परेशान करता रहा। इसी तरह तीसरी महिला पहलवान ने जकार्ता, इंडोनेशिया में वर्ष २०१८ में हुए एशियन गेम के दौरान छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए हैं।



**आरोपों की झड़ी**

● पीड़ित पहलवानों ने कहा है कि ओवर साइट कमेटी के सामने उनके बयान कैमरे के सामने दर्ज किए गए। बयानों के दौरान देखा कि कैमरे को बार-बार बंद व चालू किया जा रहा था

**खुदकुशी का सोच लिया था-पीड़ित बालिग पहलवान:** एक बड़ा अवार्ड जीत चुकी इस पीड़ित महिला पहलवान ने आरोप लगाया है कि वर्ष २०१६ में मंगोलिया में आरोपी ने उसे डिनर के लिए बुलाया। आरोप है कि यहां पर आरोपी ने उसके शरीर पर कई जगह हाथ मारा। इसके बाद कर्नाटक में सितंबर, २०१७ में छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर उसे कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। इसके बाद उसे तरह-तरह से परेशान किया जाने लगा। उसे डराया जाने लगा। वह इस कदर अवसाद में चली गई थी कि उसके मन में खुदकुशी का विचार आ गया था। इसके बाद ही खेल मंत्रालय की कमेटी ने जांच शुरू की थी।

**ओवरसाइट कमेटी की जांच पर उठाए सवाल:** दिल्ली पुलिस में यौन उत्पीडन की प्राथमिकी दर्ज कराने वाली पीड़ित महिला पहलवानों ने दोनों की प्राथमिकी में खेल मंत्रालय की ओवर साइट कमेटी की जांच पर सवाल उठाए हैं।

पीड़ित पहलवानों ने कहा है कि ओवर साइट कमेटी के सामने उनके बयान कैमरे के सामने दर्ज किए गए। बयानों के दौरान देखा कि कैमरे को बार-बार बंद व चालू किया जा रहा था। उन्होंने संदेह है कि उनका पूरा बयान कैमरे के सामने दर्ज नहीं हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल सब जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सौरभ ने जीता गोल्ड



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के गाँव गोपालपुर के सौरभ पुत्र सतबीर ने पावर लिफ्टिंग 105 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मैडल अपने नाम किया हैं। गोपालपुर गाँव के पूर्व प्रधान बेद प्रकाश उर्फ बेदी ने बताया कि नेशनल सब जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता झारखंड रांची में 6 से 11 जून को आयोजित हुई। जिसमें उसके भतीजे ने गोल्ड मैडल जीत कर हरियाणा राज्य सहित जिला सोनीपत ब्लॉक खरखौदा गाँव गोपालपुर सहित अपने माता पिता का नाम रोशन किया हैं। उनका कहना हैं कि उनके भतीजे ने छोटी उम्र में ही नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल अपने नाम किया हैं। जिससे पूरे गाँव गोपालपुर में खुशी का माहौल हैं। पूरे ग्राम वासियों ने सौरभ का खरखौदा पहुँचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी सौरभ विभिन्न पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताओ में कई बार सिल्वर मेडल जीत कर हरियाणा राज्य का मान बढ़ा चुका है। कोच जितेन्द्र गांव थाना कलां की देख रेख में ये गोल्ड मैडल जीता हैं। इस मौके पर सुभाष, पूर्व प्रधान वेद प्रकाश उर्फ बेदी, रमेश, पूर्व डीएसपी हर नारायण बीएसएफ, रामनिवास रिटायर्ड इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस, रमेश सेक्रेटरी जागृति स्थल खरखौदा, जगदीश, सतपाल एएसआई रिटायर्ड हरियाणा पुलिस, राहुल, सतीश, विनीत, नवनीत, विकास, रविन्द्र, कुलदीप, मनीष, कुशल पाल दिल्ली पुलिस, योगेंद्र उर्फ योगी इंस्पेक्टर, व अन्य ग्राम वासियों ने जोरदार स्वागत किया।

### हिस्ट्री टीवी 18 ने 'द फास्ट हिस्ट्री ऑफ' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** हिस्ट्री टीवी 18 अपने बिल्कुल नए शो 'द फास्ट हिस्ट्री ऑफ' के लॉन्च के साथ उद्योग जगत में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाले जाने-माने ब्रांड्स और लोगों की हैरतअंगेज और बेहद अनोखी कहानियों को सीधे दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। दस भाग वाली इस सीरीज का प्रीमियर 12 जून, 2023 को होगा और यह सोमवार से शुक्रवार शाम 6:00 बजे हिस्ट्री टीवी 18 पर प्रसारित होगा। 'द फास्ट हिस्ट्री ऑफ' जबरदस्त उत्साह व दिलचस्प अनुभवों से भरा एक ऐसा शो है, जिसमें नाइके और निन्टेंडो जैसे बड़े-बड़े ब्रांड्स का इतिहास बताया गया है। नाइके ब्रांड से जुड़े मशहूर वाक्य "जस्ट डू इट" के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आपको मालूम है कि यह एक सीरियल किलर के आखिरी शब्दों से प्रेरित था? या फिर क्या आप जानते हैं कि, डोंकी कोंग और सुपर मारियो जैसे दुनिया के कुछ सबसे लोकप्रिय वीडियो-गेम बनाने वालों ने शुरूआत में सूप और वैक्यूम क्लीनर बनाने तथा घंटे के हिसाब से भुगतान लेने वाले लव होटल्स की श्रृंखला चलाने की कोशिश की थी, लेकिन 1983 के सबसे बड़े वीडियो गेम क्रैश के बाद उन्होंने अकेले ही पूरी इंडस्ट्री में नई जान डाल दी? हॉट व्हील्स के बारे में भी थोड़ी बात की जाए; गेमर्स के लिए स्टोर में और भी बहुत कुछ है, क्योंकि यह सीरीज खिलौनों की दुनिया की दो दिग्गज कंपनियों झ यानी हैस्ब्रो और मैटल के इतिहास की एक छोटी-सी झलक प्रस्तुत करती है, जिन्होंने मोनोपोली, रिस्क और बोगल जैसे सबसे लोकप्रिय बोर्ड गेम्स के साथ-साथ बार्बी और ही-मैन जैसे अनमोल खिलौने बनाए हैं, जो बच्चों और बड़ों को समान रूप से अपनी और आकर्षित करते हैं।

### जो काम कांग्रेस की चार पीढ़ियाँ नहीं कर सकीं, पिछले 9 साल में मोदी ने कर दिखाया वह काम: शाह

**नांदेड़: केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गरीबी दूर करने में विफल रहने के लिए केंद्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले नौ साल में देश के गरीबों के लिए पिछली चार पीढ़ी की कांग्रेस सरकार की तुलना में अधिक अच्छा काम किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा के संपर्क कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि गांधी परिवार के शासनकाल में गरीबों को उनकी बुनियादी जरूरतें जैसे आवास, शौचालय, बिजली, रसोई गैस कभी नहीं मिलीं। कांग्रेस ने केवल गरीबी को बढ़ावा दिया। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले 9 साल में भारत के गौरव, भारत के विकास और गरीबों के कल्याण की दिशा में अतुलनीय काम हुआ है। सोनिया-मनमोहन सरकार की समाप्ति के बाद मोदी जी के कमान संभालते ही भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर हुआ। सोनिया-मनमोहन का 10 साल का शासन सबसे भ्रष्ट था। उनका बेलगाम भ्रष्टाचार 12 लाख करोड़ रुपये का था।जबकि दूसरी ओर विपक्ष को पिछले नौ वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाने का अवसर तक नहीं मिला है।

# समर कैंप के माध्यम से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास: सुभाष

**कैम्प के समापन पर मुख्यातिथि विधायक सुभाष सुधा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** सतयुग संगीत कला केंद्र शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। समर कैंप में विद्यार्थियों को गिटार, कोंगो, वेस्टर्न डांस, सेमी क्लासिकल डांस, जुंबा व अपने अंदर के कलाकार को बाहर निकालने के ढंग बताए गए। कैंप में बच्चों ने गुणात्मक व कलात्मक विकास के लिए गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान में बढ़ोतरी की। इस अवसर बतौर मुख्यातिथि मौजूद थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के साथ ही खेल व अन्य गतिविधियां बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीच बोने का यह सही समय है। इस समय उनके अंदर लचीलापन होता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। विधायक सुभाष सुधा, युवा भाजपा नेता साहिल सुधा, सतयुग दर्शन चेरिटेबल डिस्पेंसरी एवं कला केंद्र के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, जेके नागपाल, लक्की मुंजाल, मनोज गाबा, कांता मुंजाल ने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान डा. मनीष कुकरेजा ने बांसुरी की मधुन धुन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एचसी मुंजाल ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है। वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल और टीवी में व्यस्त रहते हैं। इससे उनका शारीरिक विकास नहीं हो पाता अपितु आंखों में कमजोरी जरूर आती है। बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों की भी सजगता जरूरी है। उन्हें भी चाहिए कि अपने बच्चों को जहां भी ऐसी गतिविधियों संचालित हो रही है वहीं अनिवार्य रूप से भेजें। इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा। मंच संचालन केंद्र की इचार्ज अनु ललित व अंकिता अरोड़ा ने बाखूबी किया।

## रामपुर में बिजली मीटरों में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** उपमण्डल के गांव रामपुर में गांव के बीचों बीच गली में बिजली के खम्बे पर लगे 12 के लगभग बिजली के मीटरों में आग लगने से गांव में हड़कंप मच गया । गांव की गलियों में धुंआ इस कदर भर गया लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया । लोगों को घरों में सांस लेने में दिक्कत आ रही थी । बिजली निगम को सूचना देकर बिजली की लाइन बन्द करवाई गई । बिजली विभाग की लापरवाही से यह सब हुआ है । बिजली के मीटर बाहर लगाने का यह मतलब नहीं है कि बिजली के मीटर घर से इतना दूर लगाए जाएं कि कोई भी किसी के मीटर से बिजली चोरी कर सके । एक एक बिजली के पोल पर 12 से ज्यादा मीटर लगाए गए हैं । इतनी दूरी पर किसी के भी मीटर सुरक्षित नहीं हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई ।

## शैक्षणिक संस्थान के उत्थान में हर स्तर के कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रो. ब्रजेश



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू के ट्रैनिंग, प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा सोमवार को विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज में केयू में कार्यरत मालियों के दूसरे बैच के लिए साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के उत्थान में हर स्तर के कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि केयू को हरा-भरा रखने में मालियों को महत्वपूर्ण योगदान रहा है। केयू कैम्पस का वातावरण एवं पर्यावरण, साफ-सफाई तथा हरियाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पहचान है। वहीं बाहर से आने वाले अतिथियों, छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा केयू ग्रीन कैम्पस की सराहना भी जाती रही है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान कि वे बागवानी में कम रसायन तथा कम पानी का प्रयोग करें जोकि पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय हित में कार्य करने तथा रिफ्रेशर कोर्स में दिए जाने वाले प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक सीखने की बात भी कही। रिफ्रेशर कोर्स के शुभारंभ अवसर पर टीपीएमसी के नोडल ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने पुष्पगुच्छ देकर प्रो. ब्रजेश साहनी एवं प्रो. आरके देसवाल का स्वागत करते हुए उनका परिचय करवाया।

## सड़क हादसे में पंजाब रोडवेज के कंडक्टर पलविंदर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला जिले में पंजाब रोडवेज के कंडक्टर की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा साहा-शहजादपुर रोड पर बीती रात 10 बजे रेड हट्स रिसॉर्ट के पास हुआ। मृतक की शिनाख्त तरनतारन पंजाब के गांव चटठा निवासी पलविंदर सिंह 40 के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पलविंदर सिंह हरियाणा बॉर्डर पर गुरुद्वारा घर में लंगर की सेवा करने आया था। रविवार को छबील पर सेवा करके रात वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही पलविंदर सिंह अपनी गाड़ी से साहा-शहजादपुर रोड पर रेड हट्स रिसॉर्ट के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी।

## गठबंधन सरकार है डूबता हुआ जाहज: महीपाल सुबेदार



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
कांग्रेस नेता महीपाल सुबेदार ने पार्टी के हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत सोमवार को पानीपत ग्रामीण हलके के कई गांव शिमला मुलाना ,गढ़ सरनाई, बाबरपुर व रिसालू का दौरा करके ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया। सभी गांवों में पहुंचने पर महिपाल सूबेदार का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है और मौजूदा गठबंधन सरकार तो डूबता हुआ जहाज है, जिससे लोगों का मोह भंग हो चुका है। आम जनता में महंगाई को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। आम आदमी को अपना परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के हित में जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाएगी। इस अवार पर शमशेर बाल्मीकि, जीत सूबेदार प्रजापत, ओमप्रकाश रमणा, रामकुमार कोरी, विशंभर गुर्जर ,लक्ष्मी नारायण शर्मा, सुधीर शर्मा, सुभाष बाल्मीकि व नरेश आदि मौजूद रहे।

## हवा का इलाज करने का झांसा देकर माल सहित हवा हो गये

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
महिला और उसके परिवार पर हवा का साया होने का विश्वास दिलाने के बाद दोनों शातिर ठग महिला के जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गए। थाना क्षेत्र के मांट क्रॉसिंग के समीप मायके से आयी महिला ठगी की शिकार हो गई। ठग महिला से सोने के झुमके, चेन व नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर शातिरों की तलाश शुरू कर दी। महिला शैलेश पत्नी जगवीर सिंह निवासी गांव रजाबल थाना इगलास अलीगढ़ से अपनी ससुराल पटलोनी बलदेब अपने 12 वर्षीय बेटे ललित के साथ टेम्पो से जा रही थी। टेम्पो में पहले से बैठे दो युवक उसे अपनी बातों में फंसाकर राया तक ले आये और राया के मांट रेलवे क्रॉसिंग के समीप दोनों युवकों ने महिला से कहा कि उसके व उसके परिवार पर ऊपरी हवा का साया है। जिसे वे सही कर सकते हैं।

## कांग्रेस सरकार आने पर प्रदेश फिर से बनेगा नंबर वन: सचिन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** प्रदेश भर में चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के चलते हलका पानीपत ग्रामीण में हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू लगातार जनता के बीच जा रहे हैं और प्रदेश की जनविरोधी सरकार को बेनकाब कर रहे हैं। सचिन कुंडू ने सोमवार को हलका पानीपत ग्रामीण के गांव गांजबड़ में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार ने मिलकर प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है। कुंडू ने कहा कि हरियाणा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस सरकार के दौरान खेलों में नंबर हुआ करता था लेकिन आज प्रदेश महंगाई व बेरोजगारी के मामले में नंबर बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के खिलाफ जनता में भारी रोष है और 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। सचिन कुंडू ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गों को 6 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी व रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। प्रदेश में 2 लाख पदों पर पक्की भर्ती की जाएगी ताकि युवाओं को स्थाई रोजगार मिल सके। इस अवसर पर इस अवसर पर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, मदनलाल मजोका, माया राम, रणधीर, महेंद्र, जयभगवान, दिलबाग राठी, सुमित शर्मा, राजू ठेकेदार, ऋतिक वाल्मीकि, अमित, सूरजभान, ज्ञान सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मोहित बिंझौल, हल्का अध्यक्ष तेजिंदर चंदौली सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अब दिल्ली टेक्निकल कैंपस में भी मिलेंगे सनस्टोन के लाभ

**ग्रेटर नोएडा।** देश के 35 शहरों में 50 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में मौजूद हायर एजुकेशन स्टार्टअप सनस्टोन का लाभ अब दिल्ली टेक्निकल कैंपस, ग्रेटर नोएडा में भी मिलेगा। दिल्ली टेक्निकल कैंपस के एमबीए प्रोग्राम के विद्यार्थी सनस्टोन का फायदा ले पाएंगे। दिल्ली टेक्निकल कैंपस ग्रेटर नोएडा गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध है और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित है। सनस्टोन और डीटीसी, ग्रेटर नोएडा के बीच एमओयू से विद्यार्थियों को 1200 से अधिक एम्प्लायर के विशाल नेटवर्क तक पहुंच मिलेगी। इसके अलावा, यह साझेदारी छात्रों को फॉर्च्यून 500 कंपनियों और स्टार्टअप्स के हायरिंग में विशेषज्ञता वाले अनुभवी अधिकारियों से सीखने का कीमती अवसर भी देगी। इंटर्नशिप और वास्तविक जीवन के प्रोजेक्ट के जरिए मिलने वाला व्यावहारिक अनुभव तो सोने पर सुहागे की तरह होगा। इससे विद्यार्थी पढ़ने के साथ-साथ ही नौकरियों के लिए तैयार होते रहेंगे। नए सहयोग पर टिप्पणी करते हुए सनस्टोन के सह-संस्थापक और सीओओ पीयूष नांगरू ने कहा, "दिल्ली टेक्निकल कैंपस (डीटीसी) में विद्यार्थियों को सीखने के अनुभव, ज्ञान और टेक्नोलोजी संचालित प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होगी। हमारे प्रयास उन्हें उद्योग 4.0 के दौर के लिए जरूरी कौशल हासिल करने में सक्षम बनाएंगे। हमारी प्रतिबद्धता है कि हम देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की खाई को पाटते हुए महत्वाकांक्षी शिक्षार्थियों की क्षमता को नए पंख और उड़ान दें।

# मॉडल टाउन थंडर स्ट्राइकर ने जीता एफसीवी क्रिकेट टूर्नामेंट

**एफसीवी क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में गायक अरमान बेदील ने अपनी दमदार गायकी से बांधा समा**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में चल रही** एफसीवी क्रिकेट टूर्नामेंट में 30 टीमों को पीछे छोड़ कर फाइनल में पहुंची टीम सतकरतार सनराइजर्स और मॉडल टाउन थंडर स्ट्राइकर के फाइनल मैच में रविवार देर शाम को मशहूर पंजाबी गायक अरमान बेदील और सुमित पारता ने अपनी गायकी से दर्शकों का दिल जीत लिया। वही गायकों और फाइनल मैच देखने के लिए भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ा। वही फाइनल मैच का शुभारंभ सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद कुमार विज, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर एवं भाजपा नेता नवीन भाटिया ने टॉस करवा कर मैच का शुभारंभ किया। मॉडल टाउन की टीम ने 53 रनों से सतकरतार सनराइजर्स को मात देकर फाइनल मैच जीता। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि एफसीवी क्रिकेट का उद्देश्य पानीपत के युवाओं को मंच देना था। वही विधायक प्रमोद विज ने कहा की पूज्य पिताजी स्वर्गीय फतेह चंद विज जी का सपना था कि पानीपत के युवा खेल के क्षेत्रों मे पानीपत का नाम विश्व पटल पर रोशन करे। उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट पानीपत के युवाओ को निश्चित ही नई दिशा और दशा देगा। बता दे कि विजेता टीम को 1 लाख रुपये व ट्रॉफी मिलेगी और उपविजेता टीम को पचास हजार का इनाम मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नीतिसेन भाटिया, सांसद पत्नी अंजु भाटिया, विधायक पत्नी नीरू विज, चांद भाटिया, राहुल विज व पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

**▶▶ फाइनल मैच में रविवार देर शाम को मशहूर पंजाबी गायक अरमान बेदील और सुमित पारता ने अपनी गायकी से दर्शकों का दिल जीत लिया।**


## कन्याओं को बाल्यकाल से ही दें रानी लक्ष्मीबाई जैसा प्रशिक्षण: हरिओम



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**गुदगुदी जंक्शन** समूह के धर्म एवं राष्ट्रवादी ग्रुप सनातन धर्म समाज के द्वितीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार सांय वात्सल्य वाटिका में धर्मचर्चा का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए समूह के संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता ने बताया कि आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में संत वासुदेवानंद गिरि मुख्य वक्ता रहे जबकि विश्व हिंदू परिषद हरियाणा प्रान्त के अर्चक पुरोहित सह प्रमुख प्रेम नारायण अवस्थी ने अध्यक्षता की।समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़,उपाध्यक्ष अनुज गौड़,सचिव सुनील अंगीरस,ग्रुप प्रभारी ललित चावला,संयुक्त प्रभारी सुशील भार्गव,श्याम जुनेजा और राकेश कंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात मंच संचालन करते हुए संरक्षक जितेंद्र बंसल ने सभी आगंतुकों का परिचय बताते हुए आज के दौर में धर्मचर्चा की आवश्यकता बताई। साथ ही समूह द्वारा हिन्दू तीर्थ स्थलों की यात्रा आरंभ करने की घोषणा भी की गई जिससे सभी अपने धर्म के प्रति जागरुक हो सकें। अपने संबोधन में हरिओमदास परिव्राजक ने इन दिनों हिंदु महिलाओं पर विधर्मियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और टारगेट किए जाने को लेकर कहा कि हिंदु समाज की कन्याओं को बाल्यकाल से ही रानी लक्ष्मीबाई जैसा प्रशिक्षण देना अनिवार्य है जिससे वो आत्मरक्षा कर सके। संत वासुदेवानंद गिरि ने कहा कि हमें सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। आज हमारे धर्म पर चारों ओर से हमले हो रहे हैं। हम अपने धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। प्रेम नारायण अवस्थी ने सभी आगंतुकों से संकल्प कराया कि वे परिवार सहित आसपास के मन्दिरों में प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में अवश्य पहुंचें जिससे बच्चों में सनातन संस्कार पोषित हो सकें। कार्यक्रम में एस.पी.कौशिक,लक्ष्मीनारायण शर्मा,कृष्ण कुमार मिश्र,राज विज,देवशरण,अमित शर्मा और नितिन बठला आदि वक्ताओं ने धर्म परिवर्तन, लव जेहाद, धार्मिक असहिष्णुता, धर्म की अज्ञानता और गोहत्या पर वार्ता करते हुए सभी सनातनियों को एकजुट रहने का आह्वान किया। ललित चावला ने समूह की गतिविधियां में बताया कि न्यू कॉलोनी के सनातन धर्म मंदिर में पिछ्ले 2 माह से बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ सनातन धर्म का ज्ञान भी दिया जा रहा है।

## केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन

**▶▶ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता विषय पर समाज को जागरूक बनाना है**



**टीम एक्शन इंडिया/राई ।** ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सोनीपत में स्थित केंद्रीय विद्यालय द्वारा 1 से 15 जून तक विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता विषय पर समाज को जागरूक बनाना है। विद्यालय द्वारा अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी, क्रियाकलाप, वीडियो दिखाना, कहानी कथन,कठपुतली शो, क्विज, चित्रकला,भाषण प्रतियोगिता,नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ-साथ विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों के द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी की जा रही है ' विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन गुप्ता ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों में सभी विद्यार्थी जनभागीदारी के अंतर्गत करवाए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर काफी उत्साहित हैं।

# न्यू सीनियर सिटीजन एसो.ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रमुख** सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 9 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया।

नरेला के रेलवे रोड़ स्थित निर्मल धर्मशाला में बाहरी दिल्ली की बड़ी संस्थाओं में शुमार न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 9 सदस्यों का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

साथ ही संस्था सदस्य संतलाल का 80 की उम्र पार करने पर विशेष सम्मान भी किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों सदस्यों ने कृष्ण कुमार बंसल प्रधान, विद्यासागर बंसल, संतलाल, किरण देवी, धर्मपाल सिंह, राधाकिशन मंगला, रामफल आर्य, शिवकुमार शर्मा, रामानंद गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन हेमराज बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा हर माह कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पड़ने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 9 सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया। मैं पूरी संस्था की तरफ से सभी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

उन्होंने आगे बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर कई धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इस दौरान संस्था की ओर से सभी सदस्यों के लिए लंच की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में चेयरमैन हेमराज बंसल, प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, शिवचरण गुप्ता सहित संस्था के सभी सदस्य, पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अहिर रेजीमेंट बनाने को लेकर यादव सम्मेलन का हुआ आयोजन




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** मोतीहारी पूर्वी चम्पारण बिहार में अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा ने अहीर रेजिमेंट बनाने को लेकर यादव सम्मेलन का आयोजन किया। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी बिहार रास बिहारी मंडल के निदेर्शानुसार जिला मोतीहारी पूर्वी चम्पारण बिहार युवा जिला अध्यक्ष अमन कुमार यादव के नेतृत्व में अहीर रेजिमेंट बनाने को लेकर यादव समाज को एकजुट कर केन्द्र सरकार से मांग किया गया है कि केन्द्र सरकार 2024 लोकसभा चुनाव से पहले-पहले सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने का काम करें। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजबहादुर यादव, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मदनमोहन यादव, युवा बिहार प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार सुमन, पटना जिला अध्यक्ष चक्रवर्ती ब्यास यादव, वैशाली जिला युवा अध्यक्ष राकेश यादव के साथ-साथ संतोष रेणु, मोतीहारी से शिवानन्द, कार्यकारी जिलाध्यक्ष भगत यादव, मोतिहारी जिला प्रभारी भुपेंद्र कुमार भार्गव, विकास राज रामबाबू, विना यादव अधिवक्ता के साथ-साथ पूर्वी चम्पारण जिला के गांव ज्वार से सैकड़ों लोगों ने चिलचिलाती गर्मी में डटे रहे। मंच पर ही अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री बिहार व पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन पर केक काटा गया और उनका जन्मदिन भी मनाया गया। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा द्वारा लोगों को बताया गया कि अहीर रेजिमेंट बनवाने को लेकर आन्दोलन जारी रहेगा। इसके साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य किसानो को समस्या अत्याचार को लेकर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के तरफ से निरन्तर लड़ाई जारी रहेगी।



राजस्थान बूंदी हाड़ा चौहान राजघराने के महाराजा श्री वंशवर्धन चौहान से शिष्टाचार भेंट करते हुए सनातन हिंदू युवा वाहिनी दिल्ली प्रदेश के मंत्री ठाकुर विकास सिंह, वजीरपुर विधानसभा के अध्यक्ष सुमित चौहान एवं प्रमुख समाजसेवक यश चौहान, पुनीत सेंगर व अन्य।

# विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस पर मिशन लाइफ के अंतर्गत वेबिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मध्य दिल्ली के नेहरु युवा केन्द्र द्वारा विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस पर मिशन लाइफ के अंतर्गत सर्वोदय कन्या विद्यालय में बेविनार आयोजित किया गया। वेबिनार में श्वेता सचदेवा विद्यालय प्रमुख, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मोहित कुमार भारतीय संस्थापक एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक प्रतिष्ठा युवा संगठन, फरयाल टीजीटी, ऐश्वर्या कश्यप प्रशिक्षु अभिवक्ता एवं निकिता राहंगडाले उपस्थित रहे।

समाज सेवक मोहित कुमार ने सभी का स्वागत किया। विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस पहली बार 2002 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य बच्चों को काम करने से रोकने, कम उम्र में फैक्ट्री या दुकान में फंसे बच्चों को बचाने और ऐसा करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है, जिससे कि बच्चों के बचपन को अंधेरे में जाने से बचाया जा सके और शिक्षा देकर अच्छा भविष्य दिया जा सकें। वहीं मिशन लाइफ के अंतर्गत वक्ता फरयाल टीजीटी ने मोटे अनाज यानी मिलेट्स की जानकारी बच्चों को देते हुए बताया कि मोटे आनाज आप सबके स्वास्थ्य के लिए बेहतर है मोटे अनाज गुणों की खान हैं। पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके फायदों के कारण ही इन्हें सुपरफूड भी कहा जाता है।

# 'चौपाल कामकाजी महिलाओं के लिए बन रही उम्मीद की किरण'





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वदेशी** जागरण फाउंडेशन के तत्वाधान में चौपाल का 130 वां लघु ऋण वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दादा देव मंदिर, लारेंस रोड़ दिल्ली में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कामकाजी महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए 151 महिलाओं को लघु ऋण के माध्यम से 20,000 रुपए के चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेम गोयल, दिल्ली प्रांत संघचालक कुलभूषण आहूजा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दयानंद, स्वदेशी जागरण मंच से लक्ष्मण, महाराजा अग्रसेन टेक्निकल कॉलेज के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक डॉ नंद किशोर गर्ग, प्रस्तावना केशवपुरम जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, कार्यक्रम आयोजक निगम पार्षद अजय रवि हंस एवम निगम पार्षद कृष्ण बैमाड़, चौपाल निदेशक मंडल रवि बंसल, विनोद गोयल, सुनील सेठी, अंकुश विज, प्रवीण बंसल एवम अन्य संस्थाओं से मेघराज, राजेंद्र यादव, रवि खड़किया, अशोक सैनी एवं समाज के हर वर्ग के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। प्रेमजी गोयल ने चौपाल संस्थापक स्वर्गीय भोला नाथ विज को याद करते हुए कहा की चौपाल विकास और समाज के बीच सेतु का काम कर रहा है और समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के मन में स्वावलंबन की उम्मीद जाग रही है। कुलभूषण आहूजा ने कहा कि गत कुछ वर्षो में चौपाल ने दिल्ली में उल्लेखनीय कार्य किया है और समाज के पिछड़े वर्ग के निर्धनों को सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। चौपाल की विशेषता है कि चौपाल महिलाओं को लघु ऋण देती है। पूर्व मुख्य संपादक स्वर्गीय अश्विनी चोपड़ा की जन्म जयंती के अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं महिलाओं ने अश्विनी चोपड़ा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके द्वारा किए गए समाज के उत्थान के कार्यों को याद किया।

# मॉडल टाउनः पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट ने किया छबील का आयोजन










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जून** महीने की भीषण गर्मी में हर वर्ष की भांति इस बार भी पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट ने शालीमार पार्क मॉडल टाउन सेकंड के मुख्य द्वार पर विशाल छबील लगाई गई। जिसमें लगभग 5000 से भी अधिक व्यक्तियों ने जून महीने की गर्मी में शुद्ध देसी घी से निर्मित हलवा, चना प्रसाद और श्रीश्री रवि शंकर जी के स्वादिष्ट बिस्कुट के साथ दूध और गुलाब शरबत से अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट की समस्त कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने अपनी सेवाएं अर्पित की। कार्यक्रम में पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट के कार्यवाहक प्रधान राकेश साहनी, महामंत्री निर्भय नरुला, वरिष्ठ उपप्रधान बी.आर. अरोडा, मुख्य संरक्षक नरेन्द्र चुघ, रमेश ग्रोवर, संरक्षक कैलाश बोबल, उपप्रधान अजय विरमानी, एच एल ढींगडा, विनोद वधवा, संयुक्त सचिव सुरजीत सिंह, संयुक्त कोषाध्यक्ष रितेश मेहरा, सांस्कृतिक सचिव विजय मेहता, हंस राज रेल्हन, प्रचार सचिव गुलशन खुराना, सदस्यता सचिव मुकेश रिषि, चैरिटी सचिव राज चन्ढोक, कार्यकारिणी सदस्य गुरविन्दर सरना, अनंत शर्मा, विजय सहगल, राकेश गुप्ता ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निगम पार्षद विकेश सेठी, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, पूर्व निगम पार्षद सीमा गुप्ता, समाजसेवी संजय सहगल सहित रश्मी बजाज, पूनम तिवारी एवं माडल टाउन की विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। बताते चलें कि पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट (रजि) माडल टाउन की एक महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जो कि नई पीढी व समाज के अन्य वर्गो को पंजाबी संस्कृति से अवगत कराती है, सिर्फ एक उद्देश्य के साथ जो कि समाज में प्यार, परोपकार और भाईचारा रखने का भरकस प्रयत्न करती है। साथ ही अपने परोपकारी कार्य जैसे कि मंदबुद्धि एवं विकलांग बच्चों की सहायता, साधन हीन परिवारो के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सहायता, वरिष्ठ नागरिको, लाचार और बेसहारा बुजुर्ग लोगों की मदद, रक्तदान और थेलेसेमिया से पीडित बच्चों को रक्त उप्लब्ध कराना, वैवाहिक रिश्ते के लिए सहायता और निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता कराना, हर वर्ग में सामाजिक एवं परोपकारी कार्यो को प्रोत्साहान देना, चेरिटेबल संस्थानों में दवाई अथवा अन्य चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ निःशुल्क हेल्थ कैम्प लगाना प्रमुख हैं।

# 'आयुष्मान योजना के तहत जिला में 12000 से ज्यादा लोगों को मिला लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। विश्व में भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में विश्व में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। और इसी भाव के साथ हम आगे भी जनता की



सेवा करेंगे। पिछले 70 सालों में देश में सिर्फ 400 मेडिकल कॉलेज थे परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ 9 सालों में 300 अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने सीएचसी खेड़ी कला में आयोजित आयुष्मान योजना लाभार्थी उत्सव समारोह में कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में 180000 से कम वार्षिक आय होने के बाद आज हरियाणा की 45 से 50 प्रतिशत तक की आबादी आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत आ गई है और उनका इस योजना के तहत 500000 तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इस योजना के तहत फरीदाबाद में 12 हजार से ज्यादा लोगों ने इस योजना का लाभ लिया है। साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों के चिरायु कार्ड बन चुके हैं और जिनके कार्ड अभी नहीं बने वो लोग भी अपना कार्ड बनवा लें। 13 करोड़ से ज्यादा का पैसा फरीदाबाद में इलाज पर सरकार द्वारा खर्च किया गया है। इसी प्रकार प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हरियाणा को देश का अव्वल राज्य बनाने के लिए समर्पित है। पहले प्रदेश के युवाओं को नौकरी प्राप्त करने के लिए खर्ची या पर्ची की सहायता लेनी पड़ती थी परंतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में जो व्यवस्था परिवर्तन की है उसके कारण आज प्रदेश के युवाओं को बिना किसी खर्ची या पर्ची नौकरियां योग्यता के आधार पर प्राप्त हो रही हैं। 2014 से पहले प्रदेश के 6500 गांव में से सिर्फ 600 गांव को ही 24 घंटे बिजली प्राप्त होती थी परंतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के सफल प्रयासों के कारण आज 5600 गांवों को 24 घंटे बिजली प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोक चंद, सीएमो डॉ. विनय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी खेड़ी कलां सरपंच संगीता, डॉ. राजेश सहित अन्य कई अधिकारीगण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# मूलचंद शर्मा ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज फॉर वुमेन सेक्टर-8 में किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कॉलेज के प्रिंसिपल समय-समय पर कॉलेज में मेंटेनेंस का कार्य कराकर कॉलेज को सुंदर बनाए और शिक्षा पर दे विशेष ध्यान। उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज फॉर वुमेन सेक्टर 8 में औचक निरीक्षण कर रहे थे। उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने फरीदाबाद के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज फॉर वूमेन में आज दोपहर अचानक पहुंचकर कॉलेज के सभी कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर को चेक किया। इसके उपरांत उन्होंने कॉलेज परिसर में साफ सफाई व्यवस्था के साथ-साथ गर्ल्स हॉस्टल की कैंटीन का



भी बारीकी से किया निरीक्षण। जहां कॉलेज परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर के कर्मचारियों को फटकार लगाई। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कहा कि अगली बार कॉलेज में गंदगी नजर आई तो कार्यवाही सुनिश्चित तौर पर की जाएगी। उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार कॉलेजों में बेहतर शिक्षा देने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली बेटियों से भी मुलाकात की। जहां कैबिनेट मंत्री ने बेटियों से पढ़ाई से लेकर खाने तक का शेड्यूल की छात्राओं से जानकारी बारीकी से ली। वहीं छात्राओं ने कॉलेज की पढ़ाई और खाने तारीफ भी की।

## संक्षिप्त खबरें

### नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में टेंट व अन्य प्रबंधन हेतु टेंडर के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के आयोजन के लिए टेंट व टेंट से जुड़े अन्य कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं मांगी गई हैं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के माध्यम से टैण्डर पर आगामी 16 जून सायं चार बजे तक उपलब्ध है। बता दें कि हर वर्ष की भांति इस बार भी आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को कराने के लिए टेंट सहित अन्य प्रबंधन की आवश्यकता है। जिसके लिए उपायुक्त के आदेशों की अनुपालना में इस कार्य के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जिसके सदस्य उपमंडल अधिकारी (ना०), फरीदाबाद, लेखा अधिकारी कार्यालय उपायुक्त, नायब तहसीलदार, बडखल सहित तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। ई-टेंडर निविदाएं 16.06.2023 तक जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मोनिशा लांबा ने बताया कि ई-टेंडर निविदाएं 16.06.2023 तक भरी जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं गठित कमेटी की निगरानी में दिनांक 16.06.2023 शाम 4 बजे कार्यालय उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद सेक्टर- 12 कार्यालय में खोली जाएंगी।

### पिता का जानकार बनकर महिला से 99 हजार ठगे, मैसेज रिसीव करते ही निकले रुपये

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में खुद को पिता का जानकार बताकर साइबर ठग ने महिला से 99 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-29 निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2022 में उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को पूनम के पिता का दोस्त बताते हुए कहा कि उनके पिता ने खाते में 45 हजार रुपये भेजने को कहा है। इसके बाद आरोपी ने पूनम के मोबाइल फोन में अपलोड यूपीआई एप पर पांच बार पैसा भेजने का फर्जी मैसेज भेजा। आरोप है कि फर्जी मैसेज को रिसीव करने के बाद कई बार में उनके खाते से 99 हजार रुपये निकल गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर थाना सेंट्रल में दी। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्थानांतरण पॉलिसी के विरोध में परिवहन मंत्री के आवास का घेराव

**बल्लभगढ़।** स्थानांतरण पॉलिसी के विरोध में रविवार को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने सेक्टर-11 स्थित परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के आवास का घेराव किया। एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल मंत्री के घर के पास तैनात था। पुलिस ने प्रर्दशन कर रहे कर्मचारियों को मंत्री के आवास से कुछ दूरी पर ही बैरीकेडिंग कर रोक दिया। मूलचंद शर्मा ने 23 जून को यूनियन के नेताओं को चंडीगढ़ में बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के कर्मचारी नेता वीरेंद्र लोहिया, रविंद्र नागर, जयपाल सिंह राठी, नरेंद्र, सुनील शर्मा और सोनू नागर आदि के नेतृत्व में कर्मचारी पहले सेक्टर-12 में एकत्रित हुए। सैंकड़ों की संख्या में वहां से नारेबाजी करते हुए सेक्टर-11 स्थित परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के आवास पर पहुंचे। पुलिस ने अप्रिय घटना से बचाव के लिए परिवहन मंत्री के घर के आसपास बैरिकेडिंग कर रखी थी। पुलिस ने कर्मचारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। इस पर कर्मचारी सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शन करते रहे। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों को लागू नहीं करने पर 26 जून को पूरे प्रदेश के रोडवेज कर्मचारी सभी वर्ग के नागरिकों को साथ लेकर चक्का जाम कर देंगे। प्रर्दशन कर रहे कर्मचारी नेताओं को परिवहन मंत्री ने आवास पर बुलाकर बातचीत की। नेताओं ने मंत्री से कहा कि सरप्लस कर्मचारियों को नजदीक के डिपो में समायोजित करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। क्रॉनिक व अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त व नौकरी के अंतिम वर्ष में कार्य कर रहे कर्मचारियों को भी कोई छूट नहीं दी गई है। साझा मोर्चा की मांग है कि ऑनलाइन पॉलिसी के तहत किए तबादलों को रद्द करते हुए कर्मचारी हित में नई तबादला पॉलिसी बनाई जाए। इससे कर्मचारी अपनी ड्यूटी से साथ अपने परिवार की भी देखभाल कर सकेंगे। मंत्री ने यूनियन नेताओं को 23 जून को चंडीगढ़ आकर अपनी बात रखने को कहा है। मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कर्मचारी और नागरिकों के हित के अनुरूप काम किया जाएगा।

# धरती के भगवान: बच्चे ने निगली कान की बालियाँ, डॉक्टरों ने बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में हरियाणा के मेवात क्षेत्र से हैरान करने वाला एक ऐसा मामला आया, जहाँ माता-पिता को शक था कि उनके बच्चे ने मुंह में कुछ लिया है लेकिन उसे खांसी आने, साँस फूलने जैसी कोई समस्या नहीं हो रही थी। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में पल्मोनरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. गुरमीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि 7 वर्षीय मोहम्मद शाद नाम के बच्चे को सबसे पहले पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ को दिखाया गया, जहाँ एंडोस्कोपी करने पर पेट में कुछ नहीं दिखाई दिया। छाती में कुछ होने के संदेह के चलते बच्चे की ब्रॉन्कोस्कोपी (फेफड़ों की जांच करने का एक आसान परीक्षण) की गई जिसमें बच्चे की दाईं (राइट) तरफ की साँस की मुख्य नली के मुंह पर गोल्डन रंग की चमकदार चीज पड़ी हुई दिखाई दी। हमने जैसे ही दूरबीन की मदद से चीज को बाहर निकाल दिया तो हम सब दंग रह गए क्योंकि यह कान की बाली का तेज धारदार वाला हिस्सा था। तसल्ली करने के लिए साँस की नली में दोबारा जाने पर हमें बाली एक और तेज धारदार हिस्सा दिखाई दिया। फिर उस हिस्से को भी बहुत सावधानी से दूरबीन की मदद से बाहर निकाला। पूरी तरह जाँच के बाद बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया। डॉ. गुरमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह केस बहुत चुनौतीपूर्ण भी था



क्योंकि आभूषण के पहले हिस्से के किनारे बहुत ही नुकीले थे। इस कारण बच्चे की साँस की नली में कट लगने का बहुत ज्यादा जोखिम था। साँस की नली में कट लगने पर अन्दर हवा भर सकती थी, ब्लीडिंग हो सकती थी, बच्चे के वोकल कॉर्ड को नुकसान पहुँचने के कारण आवाज जाने का जोखिम भी था। साँस की मुख्य नली में पड़े आभूषण के दूसरे हिस्से के किनारे और भी ज्यादा धारदार थे। दूसरा हिस्सा बाहर निकालने के दौरान बीच में अटक रहा था। साँस की नली को बिना नुकसान पहुंचाए इसे निकालना और भी बड़ी चुनौती थी। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार हमने सुरक्षित रूप से दूसरे हिस्से को भी दूरबीन की मदद से बाहर निकाल दिया। आभूषण के नुकीले हिस्सों को निकालने में मात्र 10-15 मिनट का समय लगा। अगर ये नुकीला आभूषण नहीं निकाला जाता तो बच्चे की साँस की नली ब्लॉक हो सकती थी। आगे चलकर फिर निमोनिया बन सकता था और फेफड़ा फेल हो सकता था। फेफड़ें के लंबे समय तक फेलियर में जाने पर मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने का खतरा बढ़ सकता है। इस तरह के तेज नुकीले किनारे वाली वस्तु शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों जैसे खाने की नली, हार्ट की मसल्स और खून की नसों को भी नुकसान पहुंचा सकती है इसलिए ऐसी वस्तुओं का लंबे समय तक शरीर के अन्दर पड़े रहना ठीक नहीं होता है। बच्चे की साँस की नली काफी छोटी होती है इसलिए बच्चे का ऑक्सीजन लेवल भी कम हो रहा था। सलाह: अगर खेलने के दौरान आपके बच्चे ने कुछ मुंह में लिया है और उसे कोई समस्या नही होती है तब भी इसे नजरंदाज न करें। बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएँ। लापरवाही करने पर बच्चे और परिवार जन के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। खासकर छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता: जयप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**दयाराम वशिष्ठ राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊंचा गांव से 30 साल सेवा के बाद शिक्षिका सीता मिश्र सेवानिवृत हो गईं। इसे लेकर स्कूल के प्रांगण में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षाविद के अलावा गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके दीघार्यु की कामना करते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ, मृदभाषी, सहदय एवं समर्पित शिक्षिका बताया। इस समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल जय प्रकाश ने कहा की शिक्षक कभी



सेवानिवृत नहीं होता। शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते रहे हैं। उन्होंने शिक्षिका मिश्र से आग्रह किया कि वे सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के कार्यों में बढ़ चढ़कर भूमिका निभाएं, ताकि इससे हमार समाज सशक्त और मजबूत हो सके। कार्यक्रम में सेक्टर 7 स्कूल की प्रिंसिपल सीमा गौतम, नवादा स्कूल से प्रिंसिपल पंकज चतुर्वेदी के अलावा शिक्षक विवेक रतन गौड़, नरेंद्र चौधरी, पूजा गोयल, रेनू गंभीर, किरण मनोचा, विभा जैन के अलावा परिवार व रिश्तेदार चंदन शर्मा, संजय मिश्रा, सुनील मिश्रा,शशि भारद्वाज व एसएसबी अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी आरपी मिश्रा व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। प्रिंसिपल सीमा गौतम व पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। आपने हमेशा शिक्षिका की अहम भूमिका निभाते हुए अपना जीवन समाजसेवा में लगाया। यही जीवन की नेक कमाई है। ऐसे आदर्श शिक्षक की कमी विद्यालय परिवार को हमेशा खलेगी।

# अवैध हथियार के मामले में आरोपी और हथियार सप्लाई करने वाले गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में योगेश तथा अजीत का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के छान्यसा गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी योगेश को चांदपुर चौक से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा व 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मामले में पूछताछ के लिए आरोपी को छान्यसा थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस जांच में आरोपी ने बताया कि यह कट्टा वह आरोपी अजीत से खरीद कर लाया था। आरोपी ने बताया कि उसका कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा है इसलिए वह अजीत से ?5000 में यह कट्टा खरीदकर लाया था। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# कार्यशाला छात्रों के लिए छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए साबित हो रहा है वरदान

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मनोरथ को साकार करने कला एवं सांस्कृतिक विभाग व शिक्षा विभाग कृत संकल्प है। इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रदेश में मंडल स्तर पर चलाए जा रहे इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से समन्वयक श्री सुशील गर्वाण द्वारा बताया गया कि इस कार्यशाला में मंडल स्तर के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कोई



शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस अवसर पर कला व विभिन्न विधाओं के अध्यापक उपस्थित रहते हैं। डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज सोमवार को सेक्टर -15 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरीदाबाद में कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के तत्वावधान में मंडल स्तरीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुनेष चौधरी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए वरदान साबित हो रहा है। बता दें कि आज सोमवार 12 जून 2023 से 21 जून 2023 तक चलने वाले इस ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में विद्यार्थियों को नृत्य संगीत वाद्य यंत्रों, रंगमंच तथा चित्रकारी का निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए वरदान साबित होगी। अतः सभी विद्यार्थी मन लगाकर कार्यशाला में सिखाई जाने वाली विभिन्न विधाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

# इंस्पेक्टर बसंत ने सेक्सटोर्शन के बारे में जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईटी साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत ने वीडियो के माध्यम से आमजन को सेक्सटॉर्शन के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए इससे बचाव के बारे में आमजन को जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत इंस्पेक्टर बसंत ने साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ती हुई टेक्नोलॉजी के युग में साइबर अपराध के तरीके भी बहुत अधिक बढ़ रहे हैं।

# 'किसानों को एमएसपी के लिए बार-बार धरना देना पड़ रहा'

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**किसानों की अ**नदेखी किए जाने पर आम आदमी पार्टी प्रचार कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने प्रदेश की गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए बहुत ही शर्म की बात कि किसानों को एमएसपी के लिए बार-बार धरना देना पड़े। प्रदेश की गठबंधन सरकार ने किसानों पर कई बार लाठीचार्ज किया और अनेक किसानों ने अपने हक के लिए शहादत दी। उन्होंने ट्वीट के जरिए अशोक तंवर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से सूरजमुखी फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य का जल्द हल निकाले जाने की मांग



की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों का शोषण और परेशानियां बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले, किसानों को अपनी सरसों की फसल भी औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ी। बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की 17 लाख एकड़ से अधिक फसल बर्बाद हुई थी। जबकि, खट्टर सरकार ने केवल 3 लाख एकड़ का मुआवजा देने का काम किया। जो भी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाता है, उस पर दमनकारी नीति अपनाई जाती है। किसानों की हर लड़ाई में आम आदमी पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है।

**पहले सरकार एमएसपी से इंकार करती है फिर मिलने से भी इंकार करती है:** आम आदमी पार्टी के स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने किसानों की अनदेखी पर कहा कि पहले मुख्यमंत्री किसानों को सूरजमुखी पर एमएसपी देने से इंकार करते हैं, फिर किसानों को बातचीत के लिए करनाल बुलाते हैं और फिर बिना मिले निकल जाते हैं। बीजेपी सरकार जानबूझकर किसानों को भड़का रही है ताकि सरकार की नाकामी से ध्यान भटकाया जा सके? अगर मुख्यमंत्री जी की नीयत साफ है तो सभी किसान नेताओं को रिहा कर तुरंत किसानों से बातचीत शुरू करें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। किसानों के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती नहीं होने दी जाएगी। खट्टर सरकार किसानों को डराने की बजाय और झूठे मुकदमे दर्ज करने की बजाय बातचीत से हल निकालने की कोशिश करे। उन्होंने सभी किसानों पर दर्ज मुकदमे भी वापस लेने की मांग की।

# बी.वॉक. एम.एल.टी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज ने कहा कि जब हम मन में अच्छा सोचते हैं और उसे आचरण में लाते हैं, इसी प्रक्रिया से हमारे भीतर अच्छे गुण विकसित हो जाते हैं। हमें हमेशा अच्छा सोचना चाहिए। चुनौतियों से कभी नहीं घबराना चाहिए। जीवन में सफल व्यक्तियों के सामने शुरूआती दौर में हमेशा कठिनाई आती है। कुलपति डॉ. राज नेहरू बी.वॉक. एम.एल. टी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान



विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खूब समां बांधा। कुलदीप तंवर मिस्टर फेयरवेल और तनूजा शर्मा को मिस फेयरवेल चुना गया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप का शुरूआती दौर आपके रवैये पर निर्भर करता है। प्रारंभ हमेशा चुनौतियों से भरा होता है, लेकिन चुनौतियों के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए। हमेशा हमें कठिनाइयों के लिए

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 13 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# धर्मांतरण के आरोपी को सड़क से लाएगी यूपी पुलिस


## कोर्ट में कहा- बद्दो को गाजियाबाद ले जाने में 3 दिन का वक्त लगेगा, गेम की आड़ में पढ़वाता था कुरान

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
**धर्मांतरण** सिंडिकेट का सरगना खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो ठाणे से गाजियाबाद जाया जाएगा। ठाणे कोर्ट ने गाजियाबाद पुलिस की 15 जून तक की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली है। पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में बताया, हम बद्दो को सड़क मार्ग से गाजियाबाद लेकर जाएंगे। करीब 1500 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। यहां से लेकर जाने और कोर्ट में पेश करने में करीब 3 दिन का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने कहा, मुल्जिम को रास्ते में खाना, दवाई की दिक्कत न हो। उसकी सुरक्षा का ख्याल रखा जाए। सोमवार दोपहर बाद गाजियाबाद पुलिस बद्दो को लेकर महाराष्ट्र के ठाणे से रवाना होगी। गाजियाबाद पुलिस ने रविवार शाम ठाणे में समुद्र किनारे लॉज से बद्दो को गिरफ्तार किया था। वह ऑनलाइन गेम जिताने की आड़ में लड़कों को कुरान पढ़वाता था।


खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो

**पुलिस ने बद्दो के 2 सहयोगी को भी गिरफ्तार किया:**
बद्दो अपना असली नाम छिपाकर शाहबाज खान नाम से लॉज में छिपा हुआ था। ठाणे पुलिस ने बद्दो को मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाले दोस्त तौफीक और आर्यन खान को भी हिरासत में लिया है। इसके बाद उससे ठाणे में ही पूछताछ चल रही थी।

**लॉज के रजिस्टर में नाम-पता गलत लिखवाया:** बद्दो अलीबाग के जिस लॉज में ठहरा था, वहां वो 10 जून की रात करीब 8 बजे पहुंचा। सीसीटीवी में उसके साथ एक युवक और युवती दिखाई दिए। ये युवक बद्दो का भाई बताया गया, जबकि युवती लॉज कर्मचारी थी। रिसेप्शन पर एंट्री रजिस्टर में बद्दो ने अपना नाम खान शहनवाज की जगह शहबाज खान लिखवाया। एड्रेस उसने मुम्ब्रा की जगह नई दिल्ली लिखा। मोबाइल नंबर भी गलत लिखवाया था।




### टारगेट पूरा करने को पढ़वाई थी कुरान

**शुरूआती** पूछताछ में बद्दो ने पुलिस को बताया, गाजियाबाद के पीड़ित नाबालिग लड़के से मेरी जान-पहचान साल-2021 के शुरूआत में Fort Nite गेमिंग एप्लिकेशन के जरिए हुई थी। इस गेमिंग एप पर Discod नामक सर्विस के जरिए खिलाड़ियों के बीच बातचीत करने की सुविधा थी। इसी सर्विस से बद्दो ने पीड़ित नाबालिग का मोबाइल नंबर लिया और फोन के जरिए बातचीत शुरू कर दी। दिसंबर-2021 से बद्दो ने पीड़ित लड़के से Valorant गेम खेलना शुरू कर दिया। इस गेम में IICE-BOX टारगेट को पूरा करना होता है। नाबालिग लड़के को ये टारगेट पूरा करना था और वो बद्दो की कही बातों में आता चला गया।

### इस केस में अब तक क्या-क्या हुआ

- 30 मई को गाजियाबाद के उद्यमी ने थाना कविनगर में बेटे के धर्मांतरण की एफआईआर कराई
- 4 जून को पुलिस ने संजयनगर सेक्टर-23 मस्जिद के मौलवी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया
- 7 जून को राष्ट्रीय बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के चेयरमैन प्रियंक कानूनगो ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पत्र लिखकर ऑनलाइन गेमिंग एप्लिकेशन की जांच करने के लिए कहा
- 8 जून को महाराष्ट्र के एनसीपी विधायक जितेंद्र आव्हाड ने गाजियाबाद पुलिस के 400 धर्मांतरण वाले बयान पर आपत्ति जताई।
- 10 जून को महाराष्ट्र की मुम्ब्रा थाना पुलिस जांच करने गाजियाबाद पहुंची और धर्मांतरण संबंधी सुबूत जुटाए
- 11 जून को गाजियाबाद पुलिस ने महाराष्ट्र से मुख्य आरोपी बद्दो को गिरफ्तार किया

**मुम्ब्रा से वर्ली और फिर अलीबाग में जाकर छिपा था बद्दो:** 23 साल का खान शहनवाज मकसूद महाराष्ट्र में ठाणे जिले के मुम्ब्रा इलाके का रहने वाला है। एक जून को जैसे ही गाजियाबाद पुलिस ठाणे पहुंची, वो वर्ली इलाके में जाकर छिप गया। पुलिस जब वर्ली पहुंची तो यहां से वो भागकर अलीबाग जा पहुंचा। ठाणे ग्रामीण पुलिस ने रविवार शाम शहनवाज को एक होटल लॉज से दबोचा। आरोपी से एक डल्ली मोबाइल भी रिकवर हुआ है। आरोपी के घर पर एक कम्प्यूटर मिला है, पुलिस ने जांच के लिए उसे भी कब्जे में लिया है।

## जनता को महंगाई राहत शिविरों से राहत मिल रहीः गहलोत

**डूंगरपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से परेशान जनता को महंगाई राहत शिविरों से राहत मिल रही है। इन शिविरों के द्वारा राज्य सरकार जनता को महंगाई से राहत दिलाने के संकल्प को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में अनूठी है। गहलोत सोमवार को डूंगरपुर जिले के टोकवासा में महंगाई राहत कैम्प का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही आयोजित इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना लाभार्थी महोत्सव में सब्सिडी राशि लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के द्वारा हस्तांतरित की गई। 16 जून को लम्पी रोग से मरने वाले दुधारू पशुओं के लिए पशुपालकों के खातों में 40 हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न जनहितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए गांवों की तस्वीर बदलने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊः**
**उत्तर प्रदेश की** योगी सरकार ने गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए गांवों की तस्वीर बदलने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। राज्य के सभी गांवों में गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ ही आय को बढ़ाने के प्रयासों पर भी बल दिया जा रहा है। इसके लिए गांवों में गोबर व कृषि अपशिष्टों को बायोगैस और स्लरी में परिवर्तित किए जाने की कार्ययोजना का क्रियान्वयन युद्धस्तर पर जारी है। इतना ही नहीं, गांवों में प्लास्टिक समेत अन्य अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन सब प्रयासों के जरिए प्रदेश के सभी गांवों को स्वच्छता की रैंकिंग में ऊपर लाने और उन्हें जिले, राज्य व देश स्तर पर पुरस्कृत किए जाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत सिलसिलेवार आगे बढ़ रही है।

**गोबरधन बनेगा स्वच्छता और आय का साधनः** प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी गांवों में गोबर व कृषि अपशिष्टों को बायोगैस व स्लरी में परिवर्तित कर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार गोबरधन योजना को बढ़ावा देने की कोशिश में है। इसके तहत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रति जिले 50 लाख रुपए धनराशि के आवंटन की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में, बायोगैस प्लांट का निर्माण गांव की सरकारी गौशालाओं से जोड़कर किया जा रहा है जिससे कि प्लांट के लिए फीड स्टॉक सुनिश्चित किया जा सके। कार्ययोजना के मुताबिक, प्लांट से निर्मित होने वाली गैस से जेनरेटर संलग्न कर गांवों के सामुदायिक स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, इन प्लांटों से बनने वाली ऊर्जा से आटा चक्की के संचालन की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे कि सस्ती दरों पर ग्रामीण जनों को आटा पीसने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, चिह्नित परिवारों को रसोई में प्रयोग के लिए चूल्हे भी लगाकर देने के संबंध में भी वितरण की व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल, प्रदेश में 20 जिलों में गोबरधन से संबंधित प्लांट पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 38 जिलों में 60 प्लांट निर्माणाधीन हैं।

**बायोगैस**

- **कृषि अपशिष्टों को बायोगैस और स्लरी में परिवर्तित किए जाने की कार्ययोजना का क्रियान्वयन युद्धस्तर पर जारी**

## ओडिशा ट्रेन हादसे के 40 घायलों की काउंसलिंग हो रही

**टीम एक्शन इंडिया/बालासोर**
**ओडिशा** के बहानगा रेलवे स्टेशन के पास हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे में घायल हुए यात्रियों में से कुछ गहरे सदमे में हैं। कोई नींद में चौंककर उठ जाता है। कोई अनायास ही चीखने लगता है, तो कुछ लोग हंसने लगते हैं। कुछ फूट-फूट कर रोने लगते हैं। कुछ की नींद ही गायब है। ये घायल यात्री ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं। वहां अब यह दृश्य आम होता जा रहा है। दरअसल, यह लोग पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के शिकार हो गए हैं। हादसे में घायल 40 लोग इस समस्या की चपेट में हैं।



**डॉक्टर बोले- हादसे में घायल हुए कुछ लोगों को गहरा सदमा लगा हैः** अस्पताल के क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. यशवंत महापात्र ने बताया कि घायल यात्रियों के मन में डर बैठ गया है। उन्हें गहरा सदमा लगा है। उनको स्वाभाविक स्थिति में लौटाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे हादसों में बचने वाले लोगों के दिमाग पर असर पड़ना स्वाभाविक है।

**काउंसलिंग के लिए चार टीमों का गठन किया गयाः** ऐसे घायलों के मन में गहरे दबे आतंक को निकालने के लिए उनकी काउंसलिंग के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। ऐसी हर टीम में एक मनोचिकित्सक और एक मनोवैज्ञानिक के अलावा एक सामाजिक कार्यकर्ता और घायलों के एक या दो परिजनों को शामिल किया गया है। पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रैस डिसऑर्डर एक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी डिसऑर्डर है।

**परमार्श**

- **कोई नींद में चौंककर उठ जाता है। कोई अनायास ही चीखने लगता है, तो कुछ लोग हंसने लगते हैं**

## जीवा को मारने के लिए असलम ने 20 लाख रुपये की सुपारी दी थी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ।**
राजधानी के कोर्टरूम में बीते दिनों हुई कुख्यात अपराधी संजीव उर्फ जीवा की हत्या के बाद मुख्य आरोपित विजय का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ है। जीवा को मारने के लिए उसे नेपाल से असलम ने 20 लाख रुपये की सुपारी दी थी। लखनऊ कोर्ट में कुख्यात अपराधी जीवा को गोली मारने वाले हत्या आरोपित विजय यादव के बयान का वीडियो सामने आया है। इसमें उसने नेपाल के काठमांडू माफिया असलम उर्फ अशरफ को जिम्मेदार ठहराया है। विजय ने कहा कि उसने असलम के कहने पर जीवा की हत्या की थी। असलम ने उसे बताया था कि उसका लखनऊ जेल में बंद भाई अतीक का जीवा से कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। जीवा ने उसकी दाढ़ी नोच ली थी। कई बार बेइज्जती की। जब यह बात उसे पता चली तो उसने जीवा की हत्या की योजना बना ली।

**वीडियो वायरल**

- **कुख्यात अपराधी जीवा को गोली मारने वाले हत्या आरोपित विजय यादव के बयान का वीडियो सामने आया है**

## मोदी सरकार ने नौ साल में गुलामों वाली मानसिकता को बदलाः पंकजा

**टीम एक्शन इंडिया /बालाघाट**
भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी पंकजा मुंडे ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बीते 9 साल में किए गए कामों से देश की सोच में अंतर आया है। हमारे दिमाग से वह गुलामी वाली सोच हट गई है, जिसे पूर्व की सरकारों ने बनाए रखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जैसे मंत्रों और राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किए जाने जैसे निर्णयों ने पूरे देश में सकारात्मक सोच का संचार किया है। पंकजा मुंडे सोमवार को विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बालाघाट के भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के सांसद डॉ. भोला सिंह भी उपस्थित रहे।






## रोती बिलखती मां के चेहरे पर पुलिस ने लौटाई मुस्कान

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं की हरसंभव मदद की जा रही है। इसके लिए यात्रा पड़ावों में पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, होमगार्ड के अलावा पीआरडी के जवान तैनात हैं। ये जवान जहां श्रद्धालुओं के परिजनों के खोने पर उनकी ढूंढ-खोज कर रहे हैं, वहीं निरीह पशुओं की मदद में भी पीछे नहीं हैं। इनकी कार्यशैली को देखकर देश-विदेश से यात्रा में आ रहे श्रद्धालु भी तारिफ कर रहे हैं।

## पद्मभूषण कड़िया को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
प्रदेश भाजपा की ओर से सोमवार को महा जनसंपर्क अभियान के तहत पद्मभूषण कड़िया मुंडा को उनके खूंटी स्थित आवास पर अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह तथा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने पद्मभूषण मुंडा को सम्मानित किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कड़ियाजी महान व्यक्तित्व के धनी हैं। केंद्रीय मंत्री,



लोकसभा उपाध्यक्ष, लंबे समय तक क्षेत्र के सांसद एवं विधायक के रूप में इन्होंने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती एवं जनसेवा के लिए अपना योगदान दिया। जनजाति बहुल क्षेत्र में इन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख जगाई। भाजपा की मजबूती और सफलता कड़िया जी जैसे कार्यकताओं के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है। सुदूर वनवासी क्षेत्र के लाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्मभूषण सम्मान से विभूषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया।

**साधा निशाना** रही बात सरकारी नौकरी की तो पहले संविदा वालों का ही समायोजन करके दिखा दें

## 'कोरोना वॉरियर का सेवा विस्तार करे भाजपा सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ,**
समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोविड कॉल में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों का सेवा विस्तार न करने पर भाजपा सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने इन स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा विस्तार देने की मांग की है। अखिलेश यादव ने अपने पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट कर सोमवार को योगी सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कोविड काल में जिनको कोरोना वॉरियर बताकर अपना प्रचार कर रहे थे अब उन्हीं का शोषण कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में कोरोना योद्धाओं की नौकरियां छीनने पर आमादा है सरकार। उन्होंने लिखा कि गाजियाबाद में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) के अंतर्गत तीन वर्षों से संविदा, आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे आयुष चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के सेवा विस्तार को रोकना बेहद गलत है। भाजपा सरकार नए स्थाई रोजगार तो दे नहीं पा रही ऊपर से जो है उन्हें छीने ले रही।



चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ का सेवा विस्तार कर सरकार न्याय करें।

**निजी क्षेत्र में रोजगार देने का झूठा दावा कर रही भाजपाः**
अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जिन निवेशकों के भरोसे उप्र के निजी क्षेत्र में रोजगार देने का झूठा दावा कर रही है, वो तो स्वयं लापता है और रही बात सरकारी नौकरी की तो पहले संविदा वालों का ही समायोजन करके दिखा दें। अब युवा भाजपा को बेरोजगार करेगा।